प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



नितिन नवीन की टीम में कई नए चेहरों की होगी एंट्री पेज- 2

भाकियू महात्मा टिकैत गुट ने बैठक कर समस्याएं उठाई पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 128 | बुधवार 29 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## अब छिप नहीं सकते ड्रग माफिया, दाउद के करीबी सलीम डोला के प्रत्यर्पण पर अमित शाह ने की एनसीबी की तारीफ

(एजेंसी) नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मंगलवार को तुर्की से ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश में ड्रग माफिया और नार्को सिंडिकेट के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति लगातार जारी है और इस दिशा में एजेंसियां मजबूती से काम कर रही हैं। अमित शाह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत हमारी नार्को रोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मजबूत नेटवर्क के जरिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। अब वे कहीं भी छिप जाएं, ड्रग सरगनाओं के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। ड्रग्स के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े बड़े नामों में शामिल सलीम डोला को मंगलवार को आखिरकार भारत लाया गया। माना जाता है कि वह दाऊद इब्राहिम का करीबी रहा है और लंबे समय से ड्रग तस्करी के धंधे में सक्रिय था। सलीम को दिल्ली के टेक्निकल एयरपोर्ट पर डिपोर्ट किया गया, जहां से खुफिया एजेंसियों ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई भारतीय एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर किए गए एक बड़े ऑपरेशन का हिस्सा थी। सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में स्थानीय पुलिस और खुफिया इकाइयों ने गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि सलीम डोला को एक विशेष विमान से दिल्ली लाया गया और फिलहाल उससे यहीं पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां उससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी और उससे जुड़े नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हैं। आगे की प्रक्रिया के तहत उसे मुंबई स्थित एनसीबी को सौंपा जा सकता है, जहां उससे जुड़े कई मामलों में गहराई से पूछताछ होगी। माना जा रहा है कि उसकी गिरफ्तारी से ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।




## प्रकृति के पक्के संरक्षक हैं सिक्किम के लोग, 50वें स्थापना दिवस पर बोले पीएम मोदी

### कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

(एजेंसी) गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम में स्वच्छता और सौंदर्य तथा राज्य के लोगों की सौम्यता की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार राज्य में अवसंरचना सुविधाओं के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है। मोदी राज्य के 50 स्थापना दिवस समारोह के समापन के अवसर पर पूर्वाह्न यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, एक सबसे अच्छी बात मुझे पूरे रास्ते भर दिखाई वह थी, सिक्किम की सड़कों की स्वच्छता... दूर–दूर तक कोई गंदगी नहीं.. वायु में भी स्वच्छता, सड़कों पर भी स्वच्छता.. सिक्किम के आप लोग प्रकृति के पक्के संरक्षक हैं.. आप सिक्किम के सच्चे दूत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सिक्किम के संपर्क सुविधाओं और यहां अवसंरचना पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बीते वर्षों में यहां सैकड़ो किलोमीटर हाईवे का निर्माण हुआ है। गांव–गांव तक सड़कों को पहुंचाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों को सस्ता इलाज सुलभ कराने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दे रही है। इसी संदर्भ में उन्होंने आयुष्मान योजना और इसके तहत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए मुफ्ती इलाज की सुविधा तथा जेनेरिक दावों के लिए जन औषधि केंद्र योजना का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती का सिक्किम का मॉडल देश के लिए प्रेरणा है और सिक्किम की जीवन शैली, सिक्किम के संकल्प देश के भविष्य के सपने का हिस्सा बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिक्किम में बहुत संभावना है। यहां की एक संभावना खेल को के क्षेत्र में है यहां के युवाओं ने खेलकूद के मैदान पर अपनी क्षमता और प्रतिभा को साबित किया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार खेलो इंडिया और ऐसे कई कार्यक्रमों के साथ देशभर में खेलकूद को प्रोत्साहित करने और सुविधाएं बढ़ाने का कार्यक्रम चल रही है। उन्होंने कहा कि सिक्किम ने अपनी विकास यात्रा में प्रगति की है सिक्किम और तेज गति से आगे बढ़े विकसित भारत के सपने को गति दे हमें इसके लिए मेहनत करनी है हमें सिक्किम को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है। श्री मोदी ने कहा कि सिक्किम के पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था राज्य की एक बड़ी ताकत है। यह राज्य देश के कुल क्षेत्र का केवल एक प्रतिशत है पर यह भारत की वानस्पतिक विविधताओं के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है राज्य में पक्षियों की 500 प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां 700 प्रकार की तितलियां, और कंचनजंगा की भव्य चोटिया दिखती हैं। राज्य प्राकृतिक सौंदर्य की छठ विकर्ता है सिक्किम दर्शकों को अभिभूत करता है और उन्हें यहां बार–बार आने के लिए आकर्षित करता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर यह भी कहा कि सिक्किम और पूर्वोत्तर हमारे लिए केवल देश का एक हम हिस्सा ही नहीं है बल्कि यह भारत की अष्ट लक्ष्मी है। इसीलिए सरकार ने एक्ट ईस्ट की नीति पर काम शुरू किया है और पूर्वोत्तर में (एक्ट फास्ट) और अधिक तेजी से काम करने का संकल्प भी लिया है। सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार सुबह यहां कुछ लड़कों एवं लड़कियों के साथ फुटबॉल खेला और इसे ऊर्जा देने वाला सत्र बताया। मोदी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं जिनमें वह लड़के–लड़कियों के साथ फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं।



## उत्तराखंड के चार धामों में भक्तों की भारी भीड़, श्रद्धालुओं की संख्या 3.57 लाख पार

(एजेंसी) देहरादून। उत्तराखंड में 19 अप्रैल से शुरू हुई चार धाम यात्रा के बाद से लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने चारों गढ़वाल हिमालयी धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम सात बजे तक चारों गढ़वाल हिमालयी धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ में कुल 3,57,007 तीर्थयात्री दर्शन के लिए आ चुके हैं। इस वर्ष 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा शुरू हुई थी, 22 अप्रैल को केदारनाथ तथा 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। सबसे ज्यादा तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे जहां कुल 1,86,318 श्रद्धालुओं की आमद दर्ज की गई। कपाट खुलने वाले दिन वहां केवल एक दिन में ही 38,000 तीर्थयात्री पहुंचे। बदरीनाथ में भी अब तक 69,044 तीर्थयात्री भगवान के दर्शन कर चुके हैं । गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या क्रमशः 50,753 और 50,892 रही। अधिकारियों ने कहा कि सभी हिमालयी धामों में बेहतर यात्रा प्रबंधन के कारण श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि धामों के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का आंकड़ा 24 लाख पार कर गया है।

## राजनीति नहीं, न्याय चाहिए, कांग्रेस ने महिला आरक्षण पर पीएम मोदी को घेरा, 2029 से पहले लागू करने की मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान थमने के बाद अब सरकार को महिला आरक्षण को 2029 से लागू करने के बारे में चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने व्यक्तिगत राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं का उपयोग करने के बजाय उन्हें न्याय प्रदान करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने महिला आरक्षण के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए प्रचार थमने के बाद एक बार फिर उठाई है। उसने और कई अन्य विपक्षी दलों ने पहले भी सरकार से यह आग्रह किया था कि विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार संपन्न होने के बाद महिला आरक्षण के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। सरकार महिला आरक्षण को वर्ष 2029 से लागू करने और परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक संसद के बीते बजट सत्र में लाई थी, हालांकि यह पारित नहीं हो पाया। विपक्ष ने यह कहते हुए इसका पुरजोर विरोध किया कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को थोपा जा रहा है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अब जब चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है और लोकसभा सीटों के खतरनाक परिसीमन को अंजाम देने की उनकी चाल विपक्षी एकजुटता के कारण बुरी तरह विफल हो गई है, तो प्रधानमंत्री के लिए वह करने का समय आ गया है जो विपक्ष एकजुट होकर मार्च, 2026 के मध्य से लगातार मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को 2029 से लोकसभा सीटों की मौजूदा संख्या के साथ कैसे लागू किया जा सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ष्यह संभव है। यह वांछनीय है। यह जरूरी है। संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण कभी मुद्दा नहीं था। तब एजेंडा केवल प्रधानमंत्री के राजनीतिक संरक्षण के लिए परिसीमन था। अब समय आ गया है कि प्रधानमंत्री अपने व्यक्तिगत राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भारत की महिलाओं का उपयोग करने के अपने पापों का प्रायश्चित करें और उन्हें न्याय प्रदान करें।



## केजरीवाल के बाद सिसोदिया ने भी जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष पेश होने से किया इनकार

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह भी आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। इससे एक दिन पहले, पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जस्टिस शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले में वह न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश होंगे। सिसोदिया ने पत्र में लिखा, 'मेरी ओर से भी कोई वकील पेश नहीं होगा। आपके बच्चों का भविष्य तुषार मेहता के हाथों में है।' उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं है और सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। केजरीवाल ने जस्टिस शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की थी लेकिन उन्होंने केजरीवाल की याचिका 20 अप्रैल को खारिज कर दी थी जिसके बाद आप नेता ने सोमवार को उन्हें पत्र लिखा था।



## संपत्ति धोखाधड़ी मामले में सिर्फ खरीदारी ही मुकदमे के लिए काफी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के दशकों पुराने एक जाली वसीयत और संपत्ति धोखाधड़ी मामले में आरोपी एक खरीदार के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि विवादित संपत्ति को किसी कीमती चीज के बदले में सिर्फ खरीद लेना, बिना किसी ठोस सबूत के जो दिखाए कि वह जालसाजी या साजिश में शामिल था, उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने का आधार नहीं बन सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की एक बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें अपीलकर्ता एस. आनंद के खिलाफ 2004 की एक एफआईआर के संबंध में चल रही कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। इस एफआईआर में करूर जिले में एक वसीयत को जाली बनाने और पुश्तैनी संपत्ति की धोखाधड़ी से बिक्री करने का आरोप लगाया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि सबूत का एक कण भी ऐसा नहीं था, जिससे संकेत मिले कि अपीलकर्ता ने 12 सितंबर, 1988 की विवादित वसीयत की कथित मनगढ़ंत रचना में कोई भूमिका निभाई थी या खरीद के समय उसे कथित जालसाजी की जानकारी थी।न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी की कि अपीलकर्ता एक मूल्यवान प्रतिफल के बदले विचाराधीन संपत्ति का क्रेता है। उसे वर्तमान मामले के तथ्यों के आधार पर, ऐसा व्यक्ति नहीं माना जा सकता, जिसने कपटपूर्ण प्रलोभन दिया हो। यह मामला शिकायतकर्ता के उन आरोपों से जुड़ा है कि उसके दिवंगत भाई ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचते हुए, उनके पिता की वसीयत को जाली बनाया और उसका इस्तेमाल करके खरीदारों (जिनमें अपीलकर्ता भी शामिल है) के पक्ष में बिक्री विलेख (सेल डीड) निष्पादित किए। इस प्रकार, उसने वैध वारिसों को उनके संपत्ति अधिकारों से वंचित कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद एक चार्जशीट दायर की, जिसमें संपत्ति के खरीदारों सहित कई आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 467, 468, 471, 420 और 120–बी के तहत अपराधों का आरोप लगाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री की जांच करते हुए यह दर्ज किया कि अपीलकर्ता का न तो कथित जाली वसीयत बनाने से कोई संबंध था और न ही वह उन पिछली लेन–देन में कोई पक्षकार था, जो अभियोजन पक्ष के षड्यंत्र सिद्धांत का आधार बनी थीं। शीर्ष अदालत ने संपत्ति विवादों में आपराधिक दायित्व को नियंत्रित करने वाले स्थापित सिद्धांतों को दोहराते हुए यह माना कि किसी बोना फाइड (सद्भावपूर्ण) खरीदार के खिलाफ धोखाधड़ी के लिए आपराधिक मुकदमा आमतौर पर तब तक नहीं चलाया जा सकता, जब तक कि धोखाधड़ी के इरादे या सक्रिय साजिश का कोई स्पष्ट सबूत न हो। इसमें कहा गया कि न तो एफआईआर और न ही विवादित आदेश से ऐसा कोई ठोस सबूत सामने आता है, जिससे आरोप की पुष्टि हो सके कि अपीलकर्ता ने कथित जाली वसीयत तैयार करने की साजिश रची थी। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि जहां कोई व्यक्ति स्वामित्व का दावा करते हुए किसी संपत्ति को बेचता है, वहां धोखाधड़ीपूर्ण गलतबयानी के मामलों में आमतौर पर पीड़ित पक्ष खरीदार होता है, न कि कोई तीसरा पक्ष, सिवाय उन मामलों के जहां प्रत्यक्ष रूप से धोखा देना साबित हो जाए। पीठ ने कहा कि असल में, भले ही यह आरोप कि वसीयत जाली थी सही साबित हो जाए, तब भी संपत्ति के खरीदार ही पीड़ित पक्ष होंगे, क्योंकि ऐसी परिस्थितियों में विचाराधीन संपत्ति पर उनका मालिकाना हक विवादों में घिर जाएगा। यह मानते हुए कि अपील करने वाले के खिलाफ क्रिमिनल कार्रवाई जारी रखना प्रोसेस का गलत इस्तेमाल होगा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आगे केस चलाना श्पूरी तरह से गलतश होगा और यह कोर्ट के प्रोसेस का बहुत ज्यादा गलत इस्तेमाल होगा। इसके अनुसार, उसने पेंडिंग क्रिमिनल केस में अकेले अपील करने वाले के खिलाफ सभी कार्रवाई रद्द कर दी, और यह साफ किया कि बाकी आरोपियों के खिलाफ ट्रायल जारी रहेगा।



## दिल्ली में युवक की हत्या पर भड़के तेजस्वी , कहा-भाजपा सरकार में बिहारी होना सबसे बड़ा अपराध

(एजेंसी) पटना। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने दिल्ली में बिहार के खगड़िया निवासी पांडव कुमार की हत्या को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पांडव कुमार की सिर्फ इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। 'बिहारी होने के अपराध' में ही उसका दोस्त कृष्ण जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में जिस जगह बिहारी जानकर गोली मारी गई है, वहां निगम पार्षद, विधायक, सांसद भाजपा के हैं। उन्होंने आगे लिखा, यही नहीं, सीएम भी भाजपा की हैं, बिहार सीएम भी भाजपा के हैं और आधा दर्जन निष्क्रिय बड़बोले केंद्रीय मंत्री बिहार के, उपराज्यपाल भाजपा के, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री भी भाजपा के हैं। भाजपा बिहारियों के लिए काल बन चुकी है। राजद नेता ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या इन भाजपाइयों में किसी में हिम्मत है कि एक गरीब मेहनतकश बिहारी की हत्या करने वाले उस हत्यारे पुलिसकर्मी को सजा दिलवा सके? उन्होंने कहा कि असल में, 21 वर्षों की नीतीश–भाजपा की खराब नीतियों के कारण बिहारवासियों को मजबूरन दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है, और दूसरे राज्यों की भाजपा सरकार और प्रशासन मेहनतकश बिहारियों को सम्मान नहीं बल्कि शक, नफरत और हीनभावना की नजर से देखती है। उन्होंने कहा कि हर बार बिहारी पर अत्याचार होता है, प्रवासी बिहारी प्रताड़ना के शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली जिस दिल्ली पुलिस पर लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी ने 'बिहारी होनेश मात्र से अपराधी मान लिया और गोली मार दी। इससे अधिक निंदनीय घटना क्या हो सकती है? बड़बोले एनडीए नेता इस घटना पर बिल में छिपे हुए हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर बिहारियों को प्रताड़ित करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि यह घटना बिहार और बिहारवासियों के सम्मान पर आघात है, इसलिए न्याय चाहिए और अभी अविलंब चाहिए।



# सम्पादकीय

## बिहार में नए सियासी 'खेल' की आहट

बिहार में अब तक उपेंद्र कुशवाहा को कोइरी जाति का सबसे बड़ा नेता माना जाता था। लेकिन क्या भाजपा ने सम्राट चौधरी को सीएम बनाकर क्या उपेंद्र कुशवाहा का कद छोटा करने की कोशिश की है। उपेंद्र का राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है। लेकिन मैं नफीस जाफरी आपको यह इस बात की जानकारी दे दूं कि उपरोक्त से इतर बिहार की राजनीति में उपेंद्र कुशवाहा और उनकी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के भारतीय जनता पार्टी में विलय को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बिहार में नई सरकार के संभावित कैबिनेट विस्तार से पहले उपेंद्र कुशवाहा के सामने अपनी पार्टी के भविष्य को लेकर बड़ा फैसला लेने की चुनौती खड़ी हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार किए जाने की संभावना है। उससे पहले उपेंद्र कुशवाहा को अपनी पार्टी का भाजपा में विलय करने का प्रस्ताव दिए जाने की बात कही जा रही है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, 2024 लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजा था। इसके पीछे मकसद 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उन्हें एनडीए के साथ बनाए रखना था। विधानसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और उनकी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटों पर जीत दर्ज की। मार्च 2026 में कुशवाहा का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो गया था, लेकिन एनडीए ने उन्हें दोबारा राज्यसभा भेज दिया। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इसके पीछे यह शर्त हो सकती है कि वे अपनी पार्टी का भाजपा में विलय करें। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उपेंद्र कुशवाहा अपने बेटे के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भी भाजपा से बातचीत कर रहे हैं। चर्चा है कि वे अपने बेटे को बिहार की राजनीति में स्थापित करने, चाहे वह विधान परिषद हो या मंत्रिमंडल की रणनीति पर काम कर रहे हैं। फिलहाल उपेंद्र कुशवाहा ने इस मुद्दे पर कोई अंतिम फैसला सार्वजनिक नहीं किया है। उनके सामने सबसे बड़ा संकट अपनी पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखने का है। यदि वे विलय का रास्ता चुनते हैं, तो उनका क्षेत्रीय दल समाप्त हो जाएगा, जिससे पार्टी के भीतर असंतोष और मतभेद बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायकों को लेकर भी लंबे समय से अटकलें लगती रही हैं. कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यदि विलय में देरी हुई या कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ा, तो पार्टी में टूट की स्थिति भी पैदा हो सकती है। मार्च–अप्रैल 2026 के दौरान उपेंद्र कुशवाहा की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ दिल्ली में कई दौर की मुलाकातें हुईं, जिससे इन चर्चाओं को और बल मिला।



नफीस जाफरी

पार्टी के भीतर सबसे बड़ा विवाद नवंबर 2025 में बिहार सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान सामने आया, जब उपेंद्र कुशवाहा ने अपने बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बनाए जाने की कोशिश की। विधायकों और कार्यकर्ताओं का आरोप था कि दीपक प्रकाश न तो विधानसभा और न ही विधान परिषद के सदस्य थे, फिर भी उन्हें प्राथमिकता दी गई। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ी। विधायक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि यदि विलय होता है, तो भाजपा में उनके राजनीतिक भविष्य का क्या होगा। उन्हें डर है कि आगे के चुनावों में उन्हें टिकट मिलेगा या नहीं। इसी कारण कुछ विधायक कथित तौर पर सीधे भाजपा या जदयू के संपर्क में भी बताए जा रहे हैं। नई सरकार बनने के बाद उपेंद्र कुशवाहा के आवास पर हुई लिट्टी–चोखा पार्टी में तीन विधायकों– रामेश्वर कुमार महतो, आलोक सिंह (दिनारा विधायक) और आनंद माधव की अनुपस्थिति ने संगठन के भीतर दरार को सार्वजनिक कर दिया। विधायकों का आरोप रहा है कि पार्टी के अहम फैसलों में उनसे राय नहीं ली जाती। डैमेज कंट्रोल के तहत जनवरी 2026 में आलोक सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन असंतोष पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। इसके बाद भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन से दिल्ली में इन विधायकों की मुलाकात के बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि ये विधायक पार्टी छोड़ सकते हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधानसभा में कुल 4 विधायक हैं, जिनमें उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता भी शामिल हैं। इसके बावजूद उपेंद्र कुशवाहा ने अपने बेटे को मंत्री बनाए रखने के लिए भाजपा के साथ तालमेल बनाए रखा है। आगे विधान परिषद के चुनाव भी होने हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा के साथ विलय से उनके बेटे का मंत्री पद और विधान परिषद की सीट सुरक्षित रह सकती है। उपेंद्र कुशवाहा बिहार की राजनीति के अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं। एक समय उन्हें नीतीश कुमार का संभावित उत्तराधिकारी भी माना जाता था। उन्होंने पहले अपनी पार्टी का जदयू में विलय कर उसे मजबूत किया था, लेकिन अपेक्षित सम्मान न मिलने के कारण 2023 में जदयू से अलग होकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की स्थापना की।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

संवाददाता कानपुर देहात। जल्लापुर गांव के सामने मुगल सड़क पर तेज रफ्तार बाइक फिसलने से पति पत्नी घायल हो गए। परिजन दोनों को इलाज के लिए राजपुर पीएचसी ले गये। जहां गंभीर रूप से घायल महिला को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सटटी थाना क्षेत्र के ततारपुर डेरा गांव निवासी चिंटू सिंह रविवार को पत्नी अंगूरी देवी के साथ बाइक से राजपुर कस्बे बाजार से घर वापस लौट रहीं थीं। तभी जल्लापुर गांव के सामने मुगल रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलने से अंगूरी गंभीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों ने महिला को राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने अंगूरी देवी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंगूरी देवी का अंतिम संस्कार कर दिया। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि घटना की कोई सूचना नहीं दी गई है, तहरीर पर कार्यवाही होगी।

# नितिन नवीन की टीम में कई नए चेहरों की होगी एंट्री



गुलफिशा खान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के गहमागहमी के बीच मीडिया से अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने राज्य के राजनीतिक समीकरणों और पार्टी की जीत की संभावनाओं पर खुलकर अपनी राय रखी। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के संचालन से जुड़े सवालों पर उन्होंने बेहद बेबाकी से जवाब देते हुए बताया कि किस तरह कैडर–आधारित संरचना और कार्यकर्ताओं का समर्पण पार्टी को निरंतर मजबूती प्रदान करता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से संगठन के काम में सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने छोटे स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और अब पार्टी ने उन्हें बड़े स्तर पर काम करने का अवसर दिया है। काम का स्वरूप भले ही बड़ा हो गया हो, लेकिन मूल काम वही है, जिसे अब व्यापक स्तर पर किया जाना है। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें संगठन के काम को पहले से अधिक गहराई से समझने और निर्णय प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाने का मौका मिला है। वहीं दूसरी ओर चर्चा है कि भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम बनने जा रही। पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चार मई को परिणाम आने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम का गठन होने की संभावना है। पार्टी नेताओं के अनुसार, इसके लिए होम वर्क पूरा कर लिया गया है। माना जा रहा है कि युवा अध्यक्ष के साथ काम करने के लिए बनाई जाने वाली टीम में अनुभवी नेताओं के साथ ही युवाओं को भी मौका दिया जाएगा, ताकि भविष्य के लिए नेतृत्व तैयार किया जा सके। गौरतलब है कि नितिन नवीन 20 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। उसके बाद से ही उनकी नई टीम के गठन को लेकर इंतजार हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, इसके लिए देश भर में नेताओं की सूची तैयार की गई है। 50 वर्ष के कम उम्र के नेताओं की इस सूची के बारे में वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक लिया गया है। इसी के आधार पर जल्दी ही नितिन नवीन की टीम की घोषणा होगी। दरअसल, भाजपा संविधान के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष की सहायता के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। इनमें अधिकतम 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नौ राष्ट्रीय महामंत्री (जिनमें एक महामंत्री संगठन भी शामिल है)



और 15 मंत्रियों की नियुक्ति हो सकती है। एक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की नियुक्ति भी की जाती है। भाजपा संविधान में किए गए संशोधन के अनुसार 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसका मतलब है कि कुल 38 राष्ट्रीय पदाधिकारियों में से कम से कम 13 महिलाएं होना अनिवार्य हैं। साथ ही, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रत्येक वर्ग में से कम से कम तीन पदाधिकारी होने आवश्यक हैं। वहीं इसके अलावा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही पार्टी की सर्वोच्च निर्णायक संस्था पार्लियामेंट्री बोर्ड का भी गठन होगा। वैसे तो इसमें अध्यक्ष को मिला कर अधिकतम 11 सदस्य हो सकते हैं लेकिन फिलहाल इसमें 12 सदस्य हो गए हैं। क्षेत्रीय, सामाजिक और धार्मिक संतुलन बैठाने के लिए इसका भी पुनर्गठन होगा। इसके अलावा केंद्रीय चुनाव समिति का भी गठन होना है जिसमें पार्लियामेंट्री बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ ही कुछ अन्य नेताओं को भी शामिल किया जाता है। अभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और महिला मोर्चा की अध्यक्ष वी श्रीनिवासन इसकी सदस्य हैं। नितिन नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी गठन करेंगे। यह पार्टी की मुख्य कार्यकारी संस्था है। इसमें अध्यक्ष के अलावा अधिकतम 120 सदस्य हो सकते हैं। इनमें भी कम से कम 40 महिलाएं और 12 सदस्य एससी–एसटी वर्ग से होने आवश्यक हैं। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष आवश्यकतानुसार विशेष आमंत्रित तथा स्थायी आमंत्रित सदस्यों को भी मनोनीत कर सकते हैं। राष्ट्रीय परिषद का भी गठन होगा जिसमें राज्य परिषदों द्वारा निर्वाचित सदस्य, संसदीय दल के 10 प्रतिशत सदस्य, पार्टी के सभी पूर्व अध्यक्ष और राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों के नेता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य, पार्टी के सभी राष्ट्रीय मोर्चों के अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अधिकतम 20 मनोनीत सदस्य होते हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय महासचिवों में कई नए चेहरे लाए जाएंगे। इन्हें राज्यों से लाया जाएगा ताकि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार की जा सके और युवा अध्यक्ष के साथ काम करने में सहजता रहे। हालांकि वर्तमान अनुभवी महासचिवों विनोद तावड़े, सुनील बंसल और तरुण चुग को नई टीम में भी जगह मिलने की संभावना है। नई टीम में महिलाओं को खासतौर से तवज्जो दी जाएगी ताकि महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार की पहल पर बल दिया जा सके। वैसे भी मोदी सरकार चाहती है कि 2029 के लोक सभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया जाए। इस तरह पार्टी महिलाओं का भी नया नेतृत्व तैयार करना चाह रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंशवाद और जातिवाद को खत्म करने के लिए बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने की बात कही है। टीम के गठन में इस सोच की झलक भी दिखाई देगी। पार्टी नेताओं के अनुसार जिस तरह स्वयं नितिन नवीन के चयन को लेकर आरएसएस और भाजपा नेताओं में लंबा मंथन चला, ठीक वैसे ही उनकी टीम को लेकर भी गहन मंत्रणा हुई है। आरएसएस चाहता है कि ऐसे लोगों को जगह मिले जो विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हों और संगठन को मजबूत दे सकें। वे कार्यकर्ताओं से जीवंत संपर्क रख सकें और आने वाले 15–20 वर्षों के लिए पार्टी की दशा और दिशा तय कर सकें। इस लिहाज से नितिन नवीन की टीम काफी महत्वपूर्ण साबित होने जा रही है।

# आपदा में अपने लिए अवसर तलाशते ट्रंप



फरीद वारसी

अमेरिका की राजधानी में बीते शनिवार की रात एक खास और यादगार शाम होने वाली थी। लगभग दस साल बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन डिनर में लौट रहे थे। ट्रंप ने बाद में खुद माना कि वह मीडिया पर काफी तीखा जुबानी हमला करने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन उससे पहले ही गोलियां चलने लगीं। राष्ट्रपति, प्रथम लेडी और उपराष्ट्रपति को सीक्रेट सर्विस अधिकारियों ने सुरक्षित जगह पर पहुंचाया। साथ ही कैबिनेट के अन्य सदस्यों को भी बचाया गया। हमलावर था 31 साल का कोल टोमस एलेन। वह वॉशिंगटन हिल्टन में तीन हथियार लेकर आया था– दो पिस्तौल और एक शॉटगन। इससे भी खास बात है कि उसने हमले से पहले अपनी पूरी योजना बनाई थी, जिसे उसने लिखकर रखा था। फायरिंग शुरू करने से लगभग दस मिनट पहले ही, एलेन ने अपने परिवार के लोगों को एक घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) भेजा, जिसमें उसने साफ लिखा कि वह किन लोगों को निशाना बनाना चाहता है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी लिस्ट में ट्रंप सरकार के लोग थे और उनकी रैंकिंग उनके पद के हिसाब से थी– सबसे ऊपर ट्रंप। गौरतलब है कि बीते दो साल में तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या करने की कोशिश हुई है। वहीं चर्चा है कि इस बार भी ट्रंप अपने ऊपर हुए हमले का राजनीतिक रूप से फायदा उठाते दिख रहे हैं, इस हमले की मदद से यह साबित करते दिख रहे हैं कि मैं बेहतरीन काम करता हूं और इसलिए मुझपर हमला होता है। जुलाई 2024 में जब पेंसिल्वेनिया की चुनावी रैली में हमले के दौरान गोली ट्रंप के कान को छूते हुए गुजर गई थी, तब भी ट्रंप ने खुद को ऐसे सर्वाइवर के रूप में पेश किया था जिसे भगवान ने बचाया है। चलिए समझते हैं इस बार के हमले के बाद ट्रंप क्या कुछ कह रहे हैं और उसका राजनीतिक फायदा कैसे उठा रहे हैं। बीते शनिवार के हमले के कुछ घंटे बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस के पोडियम से कहा कि जब आप प्रभावशाली होते हैं, तो वे आपकी जान लेने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब आप प्रभावशाली नहीं होते, तो वे आपको अकेला छोड देते हैं। ट्रंप ने यहां साफ–साफ दिखाने की कोशिश की कि वे राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी लोगों के लिए शानदार काम कर रहे हैं और इसी वजह से कुछ लोग ऐसे हैं जो उनकी जान के दुश्मन बन गए हैं। ट्रंप बाजीगर दिखाने की अपनी आदत को फिर से दोहराते नजर आए। गौर करने वाली बात यह है कि अभी डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता (अप्रूवल रेटिंग) अपने कार्यकाल में सबसे कम स्तर पर पहुंच गई है, खासकर अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से। यह युद्ध अमेरिका के अधिकतर लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। रायलटर्स के आर्टिकल के अनुसार ऐसे हालात में मौके का फायदा उठाने का उन्हें अनुभव है और गोलीबारी ने उन्हें यह मौका दे दिया है। आज से लगभग दो साल पहले जुलाई 2024 में, पेंसिल्वेनिया के बटलर शहर में एक चुनावी रैली के दौरान एक हमलावर ने हाई–पावर राइफल से ट्रंप पर गोली चलाई थी। इसमें ट्रंप के कान से खून निकलने लगा और वे घायल हो गए थे। उस समय भी उन्होंने हिम्मत दिखाई और नारे लगाए थे। एजेंट उन्हें वहां से ले जा रहे थे और ट्रंप ने विक्ट्री पोज में मुट्ठी उठा रखी थी। यह तस्वीरें बहुत प्रसिद्ध हो गईं और उनकी दोबारा राष्ट्रपति बनने की मुहिम को मजबूत



किया। इसी तरह सितंबर 2024 में ट्रंप पर दूसरा हमला करने की कोशिश हुई। एक आदमी राइफल लेकर लोरिडा में ट्रंप के एक गोल्फ कोर्स के बाहर छिपकर बैठा था। पुलिस ने उस पर गोली चलाई और उसे पकड लिया। अब तीसरे हमले के बाद रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने (नाम न बताने की शर्त पर) ने कहा कि कोई भी इस राष्ट्रपति से बेहतर अपने ऊपर आए खतरे को राजनीतिक फायदा में नहीं बदल सकता। डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के बाद खुद को अमेरिका के सबसे अच्छे राष्ट्रपतियों में गिनाया है। उन्होंने अपनी तुलना अब्राहम लिंकन से की। ट्रंप ने रिपोर्टरों से कहा कि अगर उन्होंने दूसरे देशों से होने वाले आयात पर नए भारी टैरिफ नहीं लगाए होते और सेना पर इतना ज्यादा खर्च नहीं किया होता, तो वे इतना बड़ा निशाना नहीं बनते। ट्रंप ने कहा, "हमने इस देश को बदल दिया है, और बहुत से लोग इससे खुश नहीं हैं।"बाद में उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस हमले के बाद डेमोक्रेट्स इमिग्रेशन (प्रवासन) की सख्त निगरानी की मांग छोड देंगे और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नया पैसा मंजूर करेंगे। उन्होंने इस हमले को वेनेजुएला और ईरान के नेताओं को खत्म करने के सफल मिशनों से भी जोडकर देखा। ट्रंप ने कहा कि शनिवार का हमला उनके प्रशासन की उपलब्धियों का सबूत है। ट्रंप ने इस हमले के जरिए इस बात को भी जायज ठहराया कि व्हाइट हाउस में नए बॉलरूम की जरूरत क्यों है। दरअसल ट्रंप व्हाइट हाउस में 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3300 करोड रुपये) का बॉलरूम बनवा रहे हैं। इसका खूब विरोध भी हो रहा है। इसके लिए उन्होंने व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग को तुडवा भी दिया है। ट्रंप के मुताबिक इस नई बिल्डिंग में एक नया सुरक्षा बंकर, "ड्रोन–प्रूफ" छत और बुलेटप्रूफ कांच होगा. इसमें 650 लोगों के बैठने की जगह होगी। हमले के अगले दिन, रविवार सुबह ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपनी बात जारी रखी। उन्होंने कहा, "अगर व्हाइट हाउस में बन रहा यह बेहद सुरक्षित बॉलरूम पहले से होता, तो यह घटना कभी नहीं होती। इसके निर्माण में कोई भी रुकावट नहीं आनी चाहिए।" हालांकि गौर करने वाली बात है कि अगर यह बॉलरूम बन भी जाता तो यह व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन डिनर जैसे बडे कार्यक्रम के लिए काफी नहीं होता। इस इवेंट में लगभग 2600 लोग शामिल होते हैं।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतदाता इतनी बड़ी संख्या में क्यों निकल कर बाहर आए?

अजय दीक्षित

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने भारतीय राजनीतिक इतिहास में पहली बार 92.55 फीसदी वोट करके रिकॉर्ड कायम कर दिया।इससे पहले 84.61 फीसदी मतदान का रिकॉर्ड था तब भी बंगाल में ही हुआ था। लेकिन राजनीति विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ा हुआ मतदान एस आई आर ( मतदाता सूची के गहन परीक्षण) के कारण हुआ है क्योंकि बोगस मतदाता सूची से पृथक हो गया और बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर करीब नब्बे लाख मतदाता हटे इस कारण वोटिंग प्रतिशत पर घनात्मक परिवर्तन हुआ बताया जाता है कि बंगाल से बाहर गए लोग भी इस डर शत प्रतिशत वोट करने रेलगाड़ियों से आए कि उनका मतदाता सूची से नाम पृथक नहीं हो जाय और उनकी शासकीय योजनाओं में से नाम पृथक नहीं हो सकता है यहां तक कि उनका आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट समाप्त न हो जाएगा। सही बात भी मीडिया, राजनीतिक नेता नहीं कह रहे हैं कि भला हो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिन्होंने एस आई आर कराया और बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 2400 कंपनियों पैरा मिलिट्री फोर्स की मतदान केंद्र की सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान के लिए लगाई जिन्होंने चुनावी हिंसा को रोका।इससे पहले बंगाल में रक्त रंजित ही चुनाव होते रहे थे।इसी सुरक्षा और एस आई आर के चलते रिकॉर्ड और शांति पूर्ण चुनाव हुआ है लेकिन असली बात कहने को कोई राजी नहीं है। वरना भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेंदु सरकार को तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने क्या हाल किया । हिमायु कबीर की किस तरह धुनाई की गई वह तो वहां पर सीआरपीएफ थी वरना तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। बिहार, महाराष्ट्र, असम, केरल, पांडिचेरी, हरियाणा,दिल्ली, तमिलनाडु में भी एस आई आर ने कमाल कर दिया है।चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का मानना है कि एस आई आर के विभिन्न राज्यों अच्छे परिणाम आए हैं और इस दिशा चुनाव आयोग ने उल्लेखनीय कार्य किया है। सूत्रों के मुताबिक अब भारत में जब सभी राज्यों में एस आई आर हो जाएगा तो एक स्थाई मतदाता सूची बन जाएगी जैसा अमेरिका, ब्रिटिश, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली सहित अनेक देशों में है। और यह सूची ऑनलाइन होगी।जब मतदाता फॉर्म 6,7,8 भरेगा उसका नाम विधानसभा क्षेत्र से पृथक उसकी चाही गई विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कर दिया जाएगा। इससे नवीनतम जनगणना को भी लिंक किया जाएगा। भारत की आवादी का स्थाई अकड़ा निकल सकता है।जब नया मतदाता बनने के लिए कोई फॉर्म नहीं भेजा क्योंकि 18 वर्ष पूरे होने पर मतदाता स्वतरू ही बन सकता है। दूसरा सवाल यह है कि बढी संख्या में मतदान सत्ता विरोधी लहर के कारण भी हो सकता है।या सत्ता के पक्ष में भी हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी इस बढ़ें हुए मतदान को परिवर्तन मना रही है क्योंकि बंगाल विधानसभा में भाजपा नेता सुबेंदु अधिकारी, दिलीप घोष,कह रहे हैं कि कि सत्ता विरोधी लहर है।जबकि तुड़मूल कांग्रेस इसे बंगाली अस्मिता से जोड़ रही है।

## आईपीएल मैच का रोमांच देखने इकाना स्टेडियम पहुचे लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्र

संवाददाता लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर के विद्यार्थियों के लिए हाल ही में एक विशेष शैक्षिक एवं मनोरंजक अवसर प्रदान किया गया, जिसमें उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के अंतर्गत खेले गए रोमांचक मुकाबले लखनऊ सुपर जायंट्स (एल.एस.जी.) बनाम कोलकत्ता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। यह मैच इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए पास की व्यवस्था की गई, जिससे विद्यार्थियों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। इस शैक्षिक भ्रमण मे विद्यालय प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा, सीनियर इंचार्ज प्रदीप रस्तोगी सहित लगभग 300 विद्यार्थी एवं 30 शिक्षक सम्मिलित हुए, जिन्होंने पूरे आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क के महत्व को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रिय खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा और इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया।



# निकाली गई महिला जन आक्रोश पग यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। हरगांव विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा ने महिला जन आक्रोश पग यात्रा निकाली। यह यात्रा



झरेखापुर मंडल के झरेखापुर चौराहे पर मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह यात्रा महिला आरक्षण बिल का सदन में विपक्ष द्वारा किए गए विरोध के खिलाफ महिलाओं में व्याप्त नाराजगी को दर्शाने के लिए निकाली गई थी। पार्टी ने महिलाओं के सम्मान में यह रैली आयोजित की और राहुल गांधी का पुतला दहन भी किया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुज शुक्ला, पंकज पांडे, चंद्रभाल कनौजिया, कपिल सिंह, सुनील त्रिपाठी, अभय सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद थीं।

# भीषण गर्मी में गौसेवा की अनोखी मिसाल

## - गौशाला में शरबत पिलाकर दिया राहत का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां आमजन बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पशुओं की पीड़ा को समझते हुए वर्मी स्थित कामधेनु गौ आश्रय केंद्र में एक सराहनीय और मानवीय पहल देखने को मिली। ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में गौशाला में रह रही गायों के लिए शरबत पिलाने की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके। गौशाला में इस व्यवस्था के तहत नियमित रूप से ठंडे और पौष्टिक शरबत की आपूर्ति की जा रही है, ताकि गायों के शरीर में पानी की कमी न हो और वह लू के प्रकोप से सुरक्षित रह सकें। इसके साथ ही गौशाला परिसर में साफ–सफाई, छायादार स्थान और पर्याप्त पानी की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में इसकी चर्चा तेज हो गई और स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान व उनकी टीम की जमकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार इंसानों के लिए गर्मी में राहत के उपाय किए जाते हैं, उसी तरह पशुओं के लिए भी इस तरह की संवेदनशील पहल समाज के लिए एक प्रेरणा है। प्रधान प्रतिनिधि अमित कश्यप ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए गौ माता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। इसी भावना के साथ गौशाला में शरबत पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। आगे भी पशुओं की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि गौशाला में समय–समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा



स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है, जिससे गायों की सेहत बेहतर बनी रहे। इस पहल से न केवल पशु प्रेमियों में खुशी है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि बेजुबान जीवों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची सेवा है। ग्राम प्रधान और उनकी टीम की यह पहल क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभरी है, जो समाज को मानवता और करुणा का संदेश देती है।

# जिला समन्वयक ने विद्यार्थियों को बताए हीट वेव से बचाव के उपाय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के निर्देशन एवं विद्यालय के प्रवक्ता, जिला विज्ञान क्लब के जिला



समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विद्यार्थियों को हीट वेव की जानकारी एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि बढ़ते तापमान एवं हीट वेव से बचने के लिए शरीर को ढककर रखें। धूप में बाहर जाते समय हल्के रंग के, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी या चप्पल का प्रयोग करें। यदि आप खुले में कार्य करते हैं, तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़ों से ढके रहें। उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें। इस गर्म मौसम में हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पीते रहें। भले ही आपको प्यास न लगी हो, परन्तु जितना संभव हो, पानी अवश्य पीते रहें। आरएस का घोल या घर में बने जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना आदि पीकर स्वंय को तरो ताजा रखें। इस अवसर पर कु प्रियंका, पूनम, अंजली, मुस्कान, सिमरन, खुशी, आशिका, दीपिका, अनाया, करिश्मा, परी, जानवी, अनिरूद्ध, रामगोपाल, आदित्य, गुफरान, अरशद, गौरव, अंश प्रताप, प्रवीन आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग को लाठी-डंडों से पीटकर हाथ-पैर तोड़े

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ। थाना क्षेत्र के ग्राम मेरापुर गुजराती निवासी लगभग 80 वर्षीय बुजुर्ग रामप्रसाद पुत्र साधो सिंह ने गांव के ही चार लोगों पर रास्ते में घेरकर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना एलाऊ में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि 23 मार्च को रामप्रसाद दीवानी न्यायालय मैनपुरी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह एलाऊ–भोगांव मार्ग पर नखतपुर तिराहे के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे स्वदेश पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी वीरपुर खुर्द, कायम सिंह पुत्र बलजीत, धारासिंह और श्रीओम उर्फ चिकना पुत्रगण हाकिम सिंह निवासी मेरापुर गुजराती ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि चारों ने लाठी–डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट में उनका बायां हाथ दो स्थानों से तथा दायां पैर एक स्थान से टूट गया। शोर–शराबा सुनकर आसपास जानवर चरा रहे लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए उन्हें सैफई रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद कुछ स्वस्थ होने पर पीड़ित 27 अप्रैल 2026 को थाने पहुंचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं शिकायतें

## - समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जनपद के कलेक्ट्रेट



परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# अश्परेशन कन्विक्शन के तहत छह अभियुक्तों को सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से 28 अप्रैल 2026 को दो अलग–अलग मामलों में कुल 6 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। थाना बसरेहर क्षेत्र के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने एक महिला सहित 5 अभियुक्तों को 4 वर्ष के कारावास और 19,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। यह मामला वर्ष 2023 का है, जिसमें आरोपियों ने वादी पर घात लगाकर धारदार हथियारों व मारपीट के साथ हमला किया था। पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी




ठहराया। वहीं, थाना इकदिल क्षेत्र के एक अन्य मामले में एडीजे–3 विशेष डकैती कोर्ट ने एक अभियुक्त को 3 वर्ष के कारावास और 3000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऑटो चालक को सवारी बनकर बैठाया और उसका मोबाइल, नकदी व अन्य सामान लूट लिया था। दोनों मामलों में पुलिस टीम, पैरोकारों और अभियोजन अधिकारियों की समन्वित कार्रवाई एवं सख्त पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय से दोषियों को सजा दिलाई गई। अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है।

# चंद्रशेखर व शास्त्री मार्केट कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास का प्रस्ताव सदन से पास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शासन में प्रस्ताव जाने की खबर जब व्यापारियों को लगी तो मचा हड़कंप जिसके बाद व्यापारियों ने सदर विधायक मनीष असीजा को सौंपा ज्ञापन, तथा मेयर कामिनी राठौर से भी की मुलाकात चंद्रशेखर एवं शास्त्री मार्केट के जर्जर होने की शिकायत नगर निगम तक पहुंची थी जिसका संज्ञान लेकर निगम बोर्ड मीटिंग में पुनर्विकास का प्रस्ताव भी हुआ पास जिसमें यह साफ अंकित है कि उक्त मार्केट जर्जर है वहीं मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जिसके कारण इसे ध्वस्त कर आधुनिक बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स किया जायेगा विकसित परियोजना की कुल लागत अनुमानित करीब 4500 लाख, शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार वहीं मौजूदा मार्केट की स्थिति देखें तो चारों तरफ अतिक्रमण के चलते मार्केट के बड़े बड़े रास्ते भी हुए बंद शासन से मंजूरी के बाद निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती निर्माण से पहले मार्केट को कराए अतिक्रमण मुक्त वहीं इस पूरे मसले को लेकर सदर विधायक मनीष असीजा ने जयपुर, आगरा, मथुरा, लखनऊ, दिल्ली जैसी जगहों पर विकसित 150 वर्ष पुराने मार्केटों का दिया हवाला और व्यापारियों का पक्ष लेते हुए कहा कि कॉम्प्लेक्स विकसित होने में करीब तीन वर्ष लगेंगे तो क्या तीन वर्ष तक व्यापारियों का व्यापार बंद रहेगा? सदर विधायक ने व्यापारियों को किया आश्वस्त उनके हितों का रखा जाएगा ख्याल, जिसके बाद व्यापारी हुए संतुष्ट वहीं महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नारी शक्ति वंदन 2023 के अंतर्गत प्रस्ताव हुआ लेकिन विपक्ष ने किया विरोध, वहीं मार्केट टूटकर कॉम्प्लेक्स बनने की जानकारी मुझे नहीं थी उन्होंने कहा जब हमने नगर आयुक्त से बात की उन्होंने बताया कि शासन द्वारा आए प्रस्ताव के सापेक्ष उन्हें कोई जगह नहीं दिखी उन्होंने उक्त मार्केट का प्रस्ताव भेज दिया, वहीं व्यापारियों द्वारा जर्जर मार्केट की शिकायत की थी, और कहा था कि कभी भी हो सकता है कोई हादसा, जिसकी वजह से उक्त प्रस्ताव को नगर आयुक्त द्वारा शासन में मंजूरी हेतु भेजा गया व्यापारियों की बिना सहमति के नहीं बनेगा कॉम्प्लेक्स, व्यापारियों की समस्या मेरी समस्या, व्यापारियों की बिना सहमति के नहीं होगा कोई काम कामिनी राठौर, मेयर नगर निगम फिरोजाबाद।

# सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा को लेकर प्रशासन अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो



अफजलगढ़, बिजनौर। दो मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री अफजलगढ़ ब्लॉक में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अधिकारियों ने ग्राम आलमपुर गांवड़ी में प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और प्रशासन कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा हुआ है।

# श्रमिक आरोग्य मेला आयोजित, 72 मरीजों का हुआ परीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

जागीर, मैनपुरी। मंगलवार दोपहर ब्लॉक जागीर क्षेत्र के तारापुर स्थित मां शारदा ईंट भट्टे पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला 28 अप्रैल से शुरू होकर एक सप्ताह तक क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मेले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जागीर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद किशोर ने करीब 70 मरीजों का परीक्षण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। शिविर में श्रमिकों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों और दांतों की जांच के साथ महिला स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। डॉ. आनंद किशोर ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सभी जरूरतमंदों को इलाज मिल सके। मेले में मुत दवाइयों का वितरण तथा आवश्यक जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। इस अवसर पर अभिषेक कश्यप, अतुल पाल, पूनम, मंगल सिंह, रज्जो देवी, प्रियंका देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# खीरी टाउन में कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन

## - 100 युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में खीरी टाउन में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मंगलवार को कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में नवनिर्मित कौशल विकास केंद्र का भव्य उद्घाटन सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसररू स्वास्थ्य और कंप्यूटर शिक्षा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक योगेश वर्मा ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से प्रथम चरण में 100 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है। इन युवाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 6 माह तक पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। युवाओं को आधुनिक दौर की मांग को देखते हुए स्वास्थ्य और कंप्यूटर से संबंधित ट्रेड में दक्ष किया जाएगा। प्रशिक्षण ले रहे सभी विद्यार्थियों को सरकार की ओर से किताबें, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म (ड्रेस) मुत उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन युवाओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें विभिन्न निजी व सरकारी क्षेत्रों में रोजगार पाने में सुगमता होगी। शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर विधायक का जोर उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक योगेश वर्मा ने क्षेत्र के समग्र विकास पर अपनी बात रखी। उन्होंने शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने और स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। कौशल विकास के माध्यम से हम अपने प्रदेश के युवाओं को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनाना चाहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों को एक और सौगात दी। विधायक ने घोषणा की कि कैसर पहलवान मेमोरियल कॉलेज के सामने वाली सड़क के लिए आरसीसी निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क का निर्माण कार्य अत्यंत शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा, जिससे कॉलेज आने वाले छात्रों और स्थानीय संचालक अनीत वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, स्टाफ और भारी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार



नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से निजात मिलेगी। इस गरिमामयी अवसर पर कॉलेज प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कॉलेज की प्रबंध निदेशक उम्मी खातून और प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी' ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान केंद्र की इस पहल का स्वागत किया। यह केंद्र न केवल खीरी टाउन के युवाओं के लिए शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तिकरण की नींव भी रखेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए विधायक और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने कमल किशोर

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। ऋषी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान क्रांति यूनियन का दौरा जनपद में हुआ। इसी दरमियान काफी संख्या में किसान भारतीय किसान क्रांति यूनियन में शामिल हुए। जिसमें शिकोहाबाद निवासी कमल किशोर यादव को उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कमल किशोर यादव ने कहा कि हम किसानों की समस्याओं को हल कराने के लिए हर संभव प्रयास व संघर्ष करेंगे। किसानो की आबाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे। नियुक्ति के समय पुष्पेंद्र एडवोकेट राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, योगेश यादव ब्रज प्रांत अध्यक्ष, राघवेंद्र प्रताप सिंह, बीके सिंह आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

## मतदाता सूची पुनरीक्षण : डुप्लीकेट नामों के सत्यापन के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण 2025–26 के अंतर्गत 21 अप्रैल से 28 मई तक संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नामों का सत्यापन कराया जा रहा है। नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को किया जाएगा। इस संबंध में सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे संभावित एक से अधिक बार दर्ज मतदाताओं का सत्यापन गंभीरता से करते हुए निर्धारित समय सीमा में क्म–क्नचसपबंजपवद की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिन मतदाताओं के नाम, पिताध्पतिध् माता का नाम व लिंग समान पाए जाते हैं, उनके सत्यापन के बाद आधार कार्ड के अंतिम चार अंक दर्ज किए जाएंगे, ताकि उनका नाम गलत तरीके से हटाया न जाए। साथ ही आधार के अंतिम चार अंकों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्य में लापरवाही, अनुपस्थिति या शिकायत मिलने पर संबंधित बीएलओ व पर्यवेक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## युवाओं को रोजगार का मौका, विभिन्न ब्लॉकों में सुरक्षा भर्ती शिविर आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी दी है कि सूरत, गुजरात स्थित ग्लोबल सिक्योरिटी सर्विसेज कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के विभिन्न विकास खंडों में सुरक्षा कार्यों हेतु भर्ती एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में युवाओं का पंजीकरण कर प्रशिक्षण के बाद स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में सभी विकास खंड मुख्यालयों से सहयोग मांगा गया है। ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक युवाओं को शिविर की जानकारी देकर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बसरेहर में 4 मई, बढ़पुरा में 8 मई, जसवंतनगर में 14 मई, महेवा में 19 मई, ताखा में 26 मई, भरथना में 1 जून, सैफई में 5 जून तथा चकरनगर में 10 जून 2026 को शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बिजली बिल व कटौती से भड़की महिलाएं, तहसील में प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। स्मार्ट मीटर की कथित गड़बड़ी, बढ़े हुए बिजली बिल और बिना सूचना आपूर्ति बाधित किए जाने से नाराज नगर की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं तहसील परिसर और बिजली विभाग के एसडीओ कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब कुछ महिलाओं ने आक्रोश में आकर बिजली विभाग कार्यालय पर पथराव कर दिया। इससे वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा–तफरी मच गई और उन्होंने कार्यालय के दरवाजे बंद कर किसी तरह खुद को सुरक्षित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इससे पहले महिलाएं उपजिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत के नाम संबोधित



ज्ञापन लेकर तहसील पहुंचीं और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से उनके बिजली बिल वास्तविक खपत से कहीं अधिक आ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं का कहना था कि वे समय पर बिल जमा करती हैं, इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। बाद में कनेक्शन बहाल कराने के नाम पर अतिरिक्त धनराशि जमा कराने का दबाव बनाया जाता है। बिजली चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली भी किए जाने का आरोप लगाया गया। शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा न तो संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है और न ही समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो रहा है। प्रदर्शन की सूचना पर चौकी इंचार्ज मनीष कुमार और जूनियर इंजीनियर कौशल पांडेय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं को समझाकर शांत कराया और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद महिलाएं वहां से वापस लौट गईं। प्रदर्शनकारियों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन पर वीना देवी, शबाना, मोहम्मद नाजिम, महजबीं, सायमा, नईम, मोहम्मद तालीम, नायब परवेज सहित कई उपभोक्ताओं के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

## इडेन गैस आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, रोजाना 800 सिलेंडर वितरण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। इंडेन गैस सिलेंडर की खराब आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा तथा इंडेन ऑयल कॉरपोरेशन के फील्ड ऑफिसर मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भीषण गर्मी में गैस सिलेंडर की समय पर आपूर्ति न होने से खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए संबंधित



एजेंसी से जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने गैस आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने, केवाईसी न करा पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए तहसील परिसर में अलग व्यवस्था बनाने तथा एजेंसी कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गोदामों पर भीड़ कम करने के लिए घर–घर गैस सिलेंडर डिलीवरी बढ़ाने और प्रतिदिन कम से कम 800 सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा।

## बिजली चोरी पर कार्रवाई, पांच उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

### - 11 किलोवाट अतिरिक्त भार पकड़ा गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल के निर्देशानुसार जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 28 अप्रैल को विजिलेंस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में द्वितीय खंड के अधिकारियों एवं टीम ने सुंदरपुर से पोषित क्षेत्र, मोहल्ला मकसूदपुरा एवं आजाद नगर टीला में छापेमारी की। चेकिंग के दौरान 5 उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसरों में अतिरिक्त केबल, केबल बायपास के माध्यम से अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पाया गया। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए और सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 11 किलोवाट अवैध भार पकड़ा गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मीटर से छेड़छाड़, बायपास या अतिरिक्त केबल के जरिए बिजली का उपयोग दंडनीय अपराध है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध मिट्टी डंपिंग से बढ़ा प्रदूषण, ककरऊ कोठी क्षेत्र के लोग परेशान

### - प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के ककराऊ कोठी स्थित जोनल कार्यालय के बाहर खाली पड़े प्लॉट को अवैध रूप से मिट्टी डंपिंग जोन बना दिया गया है, जिससे आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर रोज रात के अंधेरे में 5 से 10 डंपर मिट्टी यहां डाली जाती है, जिससे पूरे इलाके में धूल का गुबार फैल जाता है और लोगों का जीना दूभर हो गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, भारी मात्रा में डाली जा रही मिट्टी के कारण दिनभर तेज हवाओं के साथ धूल उड़कर घरों के अंदर तक पहुंच रही है। इससे न केवल साफ–सफाई की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा व सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बन चुकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह डंपिंग पूरी तरह अवैध है, जबकि प्रदूषण विभाग पहले ही इस क्षेत्र को प्रदूषण हॉटस्पॉट घोषित कर चुका है। इसके बावजूद न तो नगर निगम प्रशासन और न ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। इससे विभागीय लापरवाही और उदासीनता साफ नजर आ रही है। क्षेत्रवासियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लोगों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है और वे जल्द से जल्द इस अवैध डंपिंग पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। अब इस पूरे मामले में प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है और अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस गंभीर समस्या पर ध्यान देते हैं और क्षेत्रवासियों को राहत दिलाते हैं।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

### - मुठभेड़ में एक आरोपी घायल, भारी मात्रा में हथियार बरामद
### - एसएसपी द्वारा पुलिस टीम को 25000 रुपये से पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 25 निर्मित, अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र, 35 जिन्दा कारतूस तथा 04 खोखा कारतूस सहित भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को जिले की बड़ी सफलता माना जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना वैदपुरा व बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में अवैध शस्त्र निर्माण व तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 27/28 अप्रैल की रात पुलिस टीम महोला तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम महोला से रामेत जाने वाले मार्ग पर बबूल के जंगल में पुरानी ट्यूबेल कोठरी के पास कुछ लोग अवैध असलहा बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जब घेराबंदी की तो आरोपियों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें अमित कुमार उर्फ नित्ता के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मौके से पुलिस ने अमित कुमार उर्फ नित्ता (21 वर्ष), सोनू कुमार (25 वर्ष), अंशू (21 वर्ष) तथा भूप सिंह (64 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 20 अवैध तमंचे (315 बोर निर्मित), 01 अर्धनिर्मित तमंचा 315 बोर, 01 निर्मित तमंचा 12 बोर, 02 अर्धनिर्मित तमंचे 12 बोर, 01 तमंचा 32 बोर, 15 कारतूस 12 बोर, 20 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 04 खोखा कारतूस सहित 03 एंड्रॉयड मोबाइल और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे अवैध शस्त्र बनाकर इटावा व आसपास के जनपदों में तस्करी करते थे। पुलिस ने इस संबंध में थाना वैदपुरा पर मु0अ0सं0 35/2026 धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बरामदगी में शस्त्रों के अलावा भट्ठी का पंखा, लोहे की डाई, हथौड़ी, प्लास, आरी, रेती, पेचकस, पाइप, गाटर, फावड़ा, तसला, टार्च, चाकू, कोयला, लकड़ी, मशीन का तेल सहित बड़ी मात्रा में उपकरण शामिल हैं, जिनका उपयोग अवैध हथियार बनाने में किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें कई गंभीर धाराओं में पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। प्रथम टीम प्रभारी एसओजी, सर्विलांस मय टीम द्वितीय टीम में थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, थाना वैदपुरा इटावा मय टीम तथा थानाध्यक्ष सौरभ सिंह, थाना बसरेहर मय टीम। इस सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 25,000 रुपये का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया है।







## पूर्व पेशकार ने खुद को गोली मारी, हालत नाजुक

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। आज एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां जिलाधिकारी कार्यालय के पूर्व पेशकार संजीव चौधरी ने खुद को गोली मार ली। घटना उस समय हुई जब वह चांदपुर तहसील में तैनात बताए जा रहे थे। गोली लगने के बाद उन्हें गंभीर अवस्था



में तत्काल निजी अस्पताल विवेक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और लगातार उपचार जारी है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, संजीव चौधरी पहले भी करीब छह वर्ष पूर्व इसी प्रकार का कदम उठा चुके हैं, जिससे घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोग इस अप्रत्याशित घटना से स्तब्ध हैं।

## दिव्यांगजन के उत्कृष्ट कार्यों को मिलेगा सम्मान

### - राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु किए गए आवेदन आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। समाज में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है। विश्व दिव्यांग दिवस वर्ष 2026 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ष्ण मोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली–2017 लागू की गई है, जिसके तहत कुल 12 विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन श्रेणियों में दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि, पुरस्कार के लिए दक्ष दिव्यांग कर्मचारी एवं स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांग के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, उत्ष्ट प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, दिव्यांग हित में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति एवं संस्था, प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व, तथा जीवन सुधार के लिए नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास करने वालों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त बाधामुक्त वातावरण के निर्माण में उत्ष्ट कार्य, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला, सृजनशील दिव्यांग वयस्क एवं बालक, बालिका, उत्ष्ट ब्रेल प्रेस, दिव्यांगजन के अनुकूल वेबसाइट, श्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी, तथा दिव्यांग सशक्तिकरण में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी जैसी श्रेणियां भी निर्धारित की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। राज्य पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के निर्धारित प्रारूप विभाग की बेवसाइट एचटीटीपी, यूपीएचडब्ल्यूडी.जीओवी. इन पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति या संस्थाएं निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने प्रस्ताव दो प्रतियों में तैयार कर सिविल लाइन स्थित विकास भवन के जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या 21 में 15 जुलाई, सायं 5 बजे तक जमा करा सकते हैं।

## कार-ऑटो टक्कर में युवक घायल, कार से निकली शराब, चालक फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। स्योहारा रोड स्थित शीला टॉकीज के पास मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने सामने से आ रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद अर्टिगा कार चालक मौके से फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से शराब की पेटी बरामद हुई, जिससे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है और लोग चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि रात में शराब की पेटी कहां ले जाई जा रही थी।

## बच्चों ने गुल्लक तोड़कर मदद कर पेश की मानवता की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



जसवंतनगर, इटावा। मोहल्ला लुधपुरा में मानवता की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई, जहां प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र कुमार के बच्चों ने अपनी बचत से एक असहाय व्यक्ति की मदद कर मिसाल पेश की। बच्चों ने बिना बताए अपनी गुल्लक के पैसे जोड़कर करीब एक वर्ष से पैर टूटने के कारण बिस्तर पर पड़े गौतम बाबू को वॉकर भेंट किया, जिससे उन्हें दैनिक कार्यों में सहारा मिल सके। इस सराहनीय पहल में अंचल सिंह (ट्रेनी, सीटी स्कैन टेक्नीशियन, एस.एन. मेडिकल कॉलेज आगरा), समृद्धि सिंह, मेघा सिंह और कार्तिक आनंद शामिल रहे। परिवार ने बच्चों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के साथ मानवीय संवेदनाएं बनाए रखना ही सच्ची सफलता है। यह पहल समाज को सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का प्रेरक संदेश देती है जीना है बस उसी का जिसने ये राज जाना है, काम आदमी का औरों के काम आना।

# डीएम ने गौसंरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में संचालित अस्थायी गोआश्रय स्थलों एवं बृहद् गो संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गौसंरक्षण, अनुश्रवण, मूल्याकंन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दान व क्रय से भूसा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए साथ ही संरक्षित गोवंशों को मानक के अनुसार हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड भी उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया ग्रीष्म ऋृतु को मद्देनजर रखते हुए सभी गोआश्रय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के बन्दोबस्त किये जाएं साथ ही संरक्षित गोवंशों हेतु छाया एवं ताजे पानी की उपलब्धता भी की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि गोआश्रय पोर्टल पर दैनिक रूप से संरक्षित गोंवशों का अंकन सुनिश्चित किया जाए तथा आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों




के लिए राउण्ड–द–क्लाक पावर बैकअप एवं वाई–फाई की व्यवस्था की जाये। डीएम ने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर भूसा, चारा, चोकर का प्रवर्तन शासनादेशानुसार सुनिश्चित किया जाए तथा मौसम के अनुरूप चारा, पानी आदि की नियमित सफाई भी कराई जाए। पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार व टीकाकरण करायें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों पर बीमार गोवंशों हेतु पृथक शेड, आइसोलेशन व्यवस्था के साथ ही बड़े गोवंश हेतु पर्याप्त फेंसिंग कराई जाए तथा निराश्रित, बीमार गोवंश हेतु कम से कम 150 / 200 वर्गफुट का क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाए। बीमार गोवंशों के उपचार हेतु बेहतर प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने कहा कि 191 एकड टैग्ड गोचर भूमि पर नैपियर एवं अन्य चारे की बुवाई कर गोवंशों को वर्ष पर्यन्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम ने कहा कि एनजीओ, एफपीओ के माध्यम से नियमित फंड की पूर्ति की जाए तथा प्राप्त धनराशि का उपयोग गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सु.ढ़ करने में किया जाए। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि गोसंरक्षण, भूसा, चोकर, दाना, सहभागिता, चिकित्सा, पशुचारा–पानी, साफ–सफाई, भ्रमण एवं निरीक्षण इत्यादि पंजिका को अद्यतन रखा जाय। मृत गोवंश के निस्तारण हेतु गड्ढा, पोस्टमार्टम आदि की समुचित व्यवस्था, अभियान चलाकर क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के साथ–साथ वर्मी कम्पोस्ट पिट का उपयोग कर गोबर के माध्यम से जैविक खाद तैयार की जाये जिससे आश्रय स्थल आय सृजन कर सकें। डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु भूसा टेण्डर की कार्यवाही समय से पूर्ण की जाय। गोआश्रय स्थलों को थर्ड पार्टी के माध्यम से संचालित कराने तथा 50 से कम संरक्षित गोवंश वाले गो आश्रय स्थलों के गोवंशों को आस–पास की गोआश्रय में शिट करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निर्देशों को का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला .षि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिल पंचायत, खंड विकास अधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठता के आधार पर उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/निरीक्षक नागरिक पुलिस नियमावली–2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधि.त बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये



जनपद रिजर्व पुलिस लाइन में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त उ0नि0 विपिन प्रकाश सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ–साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

# पिता की गोद बनी नवजात के जीवन की ढाल

## - 25 दिन की कंगारू मदर केयर से स्वस्थ हुआ नवजात,- कम वजन शिशुओं को चाहिए विशेष देखभाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बलहा ब्लॉक के मथुरा गांव में एक पिता ने अपने नवजात बेटे को बचाने के लिए परंपरागत सोच से आगे बढ़कर मिसाल पेश की। पेशे से राजगीर मिस्त्री राजेश ने 25 दिनों तक रोज 8 से 10 घंटे बच्चे को सीने से लगाकर कंगारू मदर केयर (केएमसी) दी और वही गोद उसके जीवन की ढाल बन गई। सीएचसी नानपारा में बीते 30 सितंबर को मात्र 2000 ग्राम वजन के साथ जन्मे शिशु को सांस की समस्या के कारण एसएनसीयू रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। चार दिनों में करीब 42 हजार रुपये खर्च हुए, फिर भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और वजन घटकर 1900 ग्राम रह गया। घर लौटने पर आशा कार्यकर्ता कमला देवी ने गृह भ्रमण के दौरान परिवार को केएमसी अपनाने की सलाह दी। मां सुनीता को कान दर्द और बुखार होने के कारण पिता राजेश ने यह जिम्मेदारी संभाली और 25 दिनों तक रोज 8.10 घंटे बच्चे को सीने से लगाए रखा। इसका असर यह हुआ कि शिशु का वजन 1900 ग्राम से बढ़कर 2900 ग्राम हो गया। राजेश कहते हैं यह बिना खर्च का आसान और प्रभावी तरीका है, जिसमें सिर्फ समय और लगन की जरूरत होती है। सुनीता बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें भरोसा नहीं था, लेकिन सुधार देखकर उनका विश्वास बढ़ा और अब वे अन्य महिलाओं को भी इसके फायदे बता रही हैं। कम वजन एक गंभीर चुनौती– एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. अली के अनुसार प्रदेश में हर 1000 में से करीब 43 नवजात जीवित नहीं रह पाते, जिनका प्रमुख कारण समय से पहले जन्म और जन्म के समय 2500 ग्राम से कम वजन है। हर साल बड़ी संख्या में ऐसे शिशु जन्म लेते हैं, जिनकी लंबे समय तक अस्पताल में देखभाल संभव नहीं हो पाती। ऐसे में कंगारू मदर केयर एक सशक्त और सरल उपाय बनकर उभरा है जो 90 प्रतिशत तक शिशुओं की स्थिति सुधारने, स्तनपान बढ़ाने और वजन वृद्धि में बेहद प्रभावी है। हजारों शिशुओं को मिला जीवन का नया मौका– सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, जनपद में केएमसी को बढ़ावा देने के लिए सभी सीएचसी में एक–एक बेड आरक्षित किया गया है और सीमित स्टाफ के बावजूद इसे सक्रिय रखने के प्रयास जारी



हैं। साथ ही जिले के एसएनसीयू में 17–बेड का केएमसी वॉर्ड स्थापित है, जहां माताओं को इसकी प्रक्रिया और स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। पिछले चार वर्षों में 3500 से अधिक कम वजन और समय से पहले जन्मे शिशुओं को इससे लाभ मिला है। इस विधि में शिशु को टोपी, मोजे और लंगोट पहनाकर मां या परिवार का कोई सदस्य उसे अपने सीने से त्वचा–से–त्वचा संपर्क में रखता है। इससे शिशु को प्रा.तिक गर्माहट, सुरक्षा और पोषण मिलता है। एक बार में कम से कम एक घंटे तक केएमसी देना लाभकारी होता है।

# ब्लॉक कार्यालय पर भाकियू टिकैत का धरना, पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जागीर, मैनपुरी। मंगलवार दोपहर ब्लॉक कार्यालय जागीर पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर आक्रोश जताया। धरने के दौरान तहसील अध्यक्ष भोगांव साबिर अली ने ग्राम सगामई के सचिव नरेश भारती पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका व्यवहार ठीक नहीं है और उन्होंने उनसे भी अभद्रता की है। किसानों ने सचिव का अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने की मांग उठाई। इसके बाद किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ जागीर उमेश कुमार कौशल को सौंपा। ज्ञापन में पूर्व में दिए गए मांग पत्रों का विवरण उपलब्ध कराने, ग्राम पंचायत सगामई में जल आपूर्ति के लिए इंडिया मार्का हैंडपंप व टंकी व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू कराने, विद्युत आपूर्ति को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लागू करने, ग्राम पंचायत मेदेपुर के मजरा चौहानपुर में रामदत्त के घर से महेश चंद के घर तक टूटी गली का निर्माण कराने तथा ग्राम पंचायत भावत में क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने की मांग शामिल रही। बीडीओ उमेश कुमार कौशल ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों के समझाने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। हालांकि किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे दोबारा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# बेटी को परीक्षा दिलाने गए पिता की सड़क हादसे में मौत, घर में पसरा मातम

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर)– कुरारा विकास क्षेत्र के पतारा गांव निवासी रामबहादुर विश्वकर्मा की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व रामबहादुर



अपनी बेटी रिचा को बीएससी की परीक्षा दिलाने कानपुर देहात के गजनेर गए थे। इसी दौरान गजनेर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए कानपुर भेजा। रामबहादुर का कानपुर के हैलट अस्पताल में चार दिनों तक इलाज चला, लेकिन रविवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई नरेंद्र ने बताया कि रामबहादुर फर्नीचर का काम कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनके दो बच्चे हैं। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गजनेर थाना पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# जखनियां तहसील का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## - लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तहसील जखनियां का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी कक्ष, अभिलेखागार, लेखपाल कक्ष, न्यायालय कक्ष, रिकार्ड रूम, जनसुनवाई काउंटर एवं अन्य पटलों का निरीक्षण प्रकरणों की जानकारी ली तथा उन्हे यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित



किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, राजस्व कार्यों की प्रगति एवं आमजन को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप किया। जिलाधिकारी ने साफ–सफाई एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने 05 वर्ष से लंबित शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनकर उपजिलाधिकारी जखनियां को यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस से संबंधित शिकायत रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकरी ने उपजिलाधिकारी जखनियां को शौचालय, पानी, साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जखनियां, तहसीलदार जखनियां, नायब तहसीलदार जखनियां एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव के निर्देश पर कटरिया पहुंचा सपा प्रतिनिधि मंडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के करण्डा क्षेत्र के कटरिया गाँव मे कड़ी सुरक्षा के बीच समाजवादी पार्टी के चार प्रतिनिधि मंडल पहुँचा। कटरिया सचिवालय में पीड़िता के परिवार के साथ मिलकर पाँच लाख का चेक दिया। विगत कई दिनो से कटरिया की निशा विश्वकर्मा की मौत को लेकर राजनीति चल रही थी 29 अप्रैल को अखिलेश यादव का कार्यक्रम आने का था। उसी बीच 28 अप्रैल को सदर विधायक जय किशन शाहू, पूर्व मंत्री राम आश्ररे विश्वकर्मा और सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक डेलिगेशन भेजकर पांच लाख का चेक भेजवाया। फिलहाल 29 अप्रैल का अखिलेश यादव का कार्यक्रम स्थगित है।

# जीआरपी को मिली बड़ी सफलताः शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार, कब्जे से 2 मोबाइल बरामद

संवाददाता गोरखपुर। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ट्रेनों और स्टेशनों पर चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 40,000 रुपये बताई जा रही है। घ्प्लेटफॉर्म नंबर 2 से हुई गिरफ्तारी घ्जीआरपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान को मुखबिर की सूचना पर प्लेटफॉर्म नंबर 02 के पूर्वी छोर से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान विशाल तिवारी



उर्फ नन्हे तिवारी (उम्र 22 वर्ष), निवासी मर्चा, थाना उरुवा बाजार, के रूप में हुई है। घ्खर्चा चलाने के लिए करता था चोरी घ्पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह रेलवे स्टेशनों और चलती ट्रेनों में सो रहे यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान चोरी करता था। इन सामानों को वह चलते–फिरते लोगों को बेचकर अपना खर्च चलाता था। आज भी वह चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। घहिस्ट्रीशीटर है आरोपी घ्पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, विशाल तिवारी एक शातिर अपराधी और उरूवा बाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों (जीआरपी, रामगढ़ ताल और उरूवा बाजार) में चोरी, लूट और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में करीब 7 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। घ्जीआरपी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। इस गिरफ्तारी से स्टेशन और ट्रेनों में होने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है। घ्अभियुक्त, विशाल तिवारी उर्फ नन्हे तिवारी (22 वर्ष) घ्02 अदद मोबाइल (कीमत लगभग 40,000/–) अपराधिक इतिहास कुल 07 मुकदमे दर्ज।

# राजपुर के सादिक मास्टर हज यात्रा पर रवाना

## -परिजनों और रिश्तेदारों ने फूल माला पहनाकर विदा किया

संवाददाता कानपुर देहात के राजपुर कस्बे के पटेल नगर निवासी मोहम्मद सादिक मास्टर और उनकी पत्नी आमना खातून हज यात्रा के लिए मक्का मदीना रवाना हो रहे हैं। मंगलवार को उनके घर पर एक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजपुर, खासबरा सहित आसपास और दूर–दराज के रिश्तेदारों ने पहुंचकर उनका इस्तकबाल किया। लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाईं, मुंह मीठा कराया और मुसाफा कर हज के दौरान दुआ व सलाम कहने का आग्रह किया। इस दौरान कारी जावेद ने हज की मुख्य रस्मों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हज के दौरान मुसलमान इहराम (सफेद पोशाक) पहनकर मक्का में काबा की परिक्रमा करते हैं, सफा–मरवा पहाड़ियों के बीच दौड़ते हैं, अराफात के मैदान में इबादत करते हैं, मुजदलिफा में रात बिताते हैं और मीना में शैतान को पत्थर मारते हैं। हज की मुख्य रस्मों में सबसे पहले इहराम धारण करना शामिल है, जिसमें बिना सिलाई के दो सफेद कपड़े पहनकर सादगी और समानता का प्रतीक दर्शाया जाता है। इसके बाद मक्का पहुंचकर काबा की सात बार घड़ी की विपरीत दिशा में परिक्रमा (तवाफ–ए–कुदूम) की जाती है। फिर सफा और मरवा पहाड़ियों के बीच सात बार दौड़ना (सई) होता है, जो बीबी हाजरा की याद में किया जाता है। 8 जुल–हिज्जा को हाजी मीना शहर में रात गुजारते हैं। 9 जुल–हिज्जा हज का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है, जब हाजी अराफात के मैदान में नमाज और दुआओं में समय बिताते हैं, जहां पैगंबर मोहम्मद ने अपना आखिरी उपदेश दिया था। अराफात के बाद, हाजी मुजदलिफा में रात गुजारते हैं और पत्थर (कंकड़) जमा करते हैं। 10 जुल–हिज्जा को जमारात में शैतान को पत्थर मारते हैं (रमी), जो बुराई के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। इसके बाद बकरे या भेड़ की कुर्बानी दी जाती है और पुरुष अपने सिर के बाल मुंडवाते हैं (हलाल)।



हज का समापन काबा के अंतिम तवाफ (तवाफ–ए–जियारत) के साथ होता है, जिसके बाद मक्का से रवानगी होती है।

# वृद्ध महिला के लिए सरकारी आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभ की मांग

## - विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के खुरहंड स्थित आवास पर पहुंच कर उनकी अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह शैलू को ज्ञापन सौंपकर सहेवा गांव निवासी राजरानी को आवास सहित शासन द्वारा गरीबों के लिए संचालित प्रत्येक योजनाओं का लाभ दिलाने व राजरानी की वृद्धावस्था भूमिहीन होने आय के स्रोत न होने की वजह से दयनीय जीवन के बारे में अवगत कराते हुए जल्द से जल्द उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग की। दिये ज्ञापन में बताया गया है कि राजरानी पत्नी रामचंद्र गुप्ता उम्र 73 विकास खण्ड महुआ अंतर्गत सहेवा गांव की निवासी हैं कुछ महीने पूर्व उनके पति की मृत्यु हो चुकी है उसके पहले वो लकवा सहित काफी बीमार हुए थे जिसमें उनकी जमा–पूंजी खर्च हो गयी। राजरानी अपने जीवन यापन के लिए छोटी सी किराना की दुकान चलाती है जो बढ़ती अवस्था के कारण ज्यादा समय तक संभव नहीं है इसके साथ ही उनके कोई पुत्र भी नहीं है पुत्रियां भी विवाहोपरान्त अपने अपने ससुराल में हैं उनके पास किसी भी प्रकार की .षि योग्य भूमि अथवा आर्थिक लाभ का अन्य कोई साधन नहीं है राशन कार्ड द्वारा मिल रहा अनाज जीवन में सहायक जरूर है परन्तु पर्याप्त नहीं है । समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि राजरानी 73 साल की वृध्द महिला है और उनके घर में कोई व्यक्ति नहीं है जो प्रशासन तक अपनी समस्याओं को रख सके यही कारण है कि उनके पास किसी भी प्रकार की .षि योग्य भूमि ना होने तथा आर्थिक लाभ का ठीक ठाक साधन न होने के बाद भी आवास सहित अन्य लाभकारी योजनाओं से वंचित हैं आज मैंने माननीय विधायक जी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि जी को उनकी स्थिति से अवगत कराते हुए उनसे कहा है कि आप एक बार उनके घर जाकर स्वतरू उनकी आर्थिक सम्पन्नता तथा अवस्था का आंकलन कर वो जिन जिन




योजनाओं की पात्र हो उन्हें उसका लाभ दिलाने की .पा करें इस पर उनके द्वारा पूर्ण आश्वाशन दिया गया है और यह कहते हुए निश्चित किया गया है कि उन्हें जल्द से जल्द पात्रता के आधार पर सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जायेगा जिसकी हकदार हैं किन्तु अगर जल्द ही उन्हें कोई सहायता नहीं मिलती तो मैं इस विषय को माननीय विधायक जी पुनः मिलकर सादर अवगत करवा कर उनकी हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा । आपको बताते चलें कि समाजसेवी सुमित शुक्ला लगातार सहेवा गांव या आस पास की समस्याओं को अधिकारियों अथवा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए उनका निदान करवाने का हर संभव प्रयास करते है और इसके साथ ही वृक्षारोपण तालाबों की साफ सफाई जैसे सामाजिक कार्यों की वजह से ग्रामीण युवाओं के बीच आकर्षण व प्रेरणा का स्रोत बनते जा रहे हैं।

## शास्त्री व चंद्रशेखर मार्केट टूटने की खबर पर व्यापारियों में हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मार्केट के सैकड़ों व्यापारी रामनरेश कटारा के नेतृत्व में सदर विधायक मनीष असीजा को सौंपा ज्ञापन वहीं महापौर कामिनी राठौर से उनके आवास पर की मुलाकात सदर विधायक मनीष असीजा ने व्यापारियों की वेदना को समझते हुए जिम्मेदारों से की बात, व्यापारियों को किया आश्वस्त जिसके बाद मेयर कामिनी राठौर के आवास पहुंचे व्यापारियों ने सुनाई अपनी वेदना जिस पर मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि व्यापारियों ने जर्जर दुकानों की शिकायत नगर आयुक्त से की जिसको लेकर उन्होंने पुनर्विकास के लिए शासन को भेजा था प्रस्ताव, किंतु अभी ऐसा कोई दुकानें टूटने का आदेश नहीं हुआ जारी व्यापारियों के हितों को रखा जाएगा ख्याल, फिलहाल नहीं टूटेगी मार्केट वहीं व्यापारी नेता रामनरेश कटारा संग प्रशांत माहेश्वरी ने व्यापारियों की वेदना को रखा मीडिया के समक्ष।

## बाघा के प्राथमिक विद्यालय में ह्वीट वेब लू के बारे में किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाघा में प्रार्थना उपरांत ह्वीट वेब लू से बचाव की जानकारी कार्यालय जिलाधिकारी द्वारा दी गई एडवाइजरी के अनुरूप प्रदान की गई। ह्वीट वेब के लक्षणों से



जैसे चक्कर आना, स्वांस में दिक्कत, मतली आना, उल्टी दस्त आना, सिर दर्द होना, शरीर का ताप बढना, ह्वीट वेब होने के प्रमुख लक्षण हैं। ह्वीट वेब होने पर प्रमुख सावधानियां, बतलाई गयी कि समीपवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने एवं घरों ओआरएस के पाउच रखने की सलाह दी गई। साथ ही शरीर गर्म होने पर गीले कपड़े से लगातार पोंछते रहने के लिए बतलाया गया। ह्वीट वेब से सावधानियां के लिए दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक बाहर नहीं निकलने हेतु थोडे थोडे समय में पानी पीते रहने के लिए बतलाई गई।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ किसान यूनियन की महिलाओं का हल्ला बोल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में स्मार्ट मीटर के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है आए दिन लोगों का उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहा है बीते दिन बेलन गैंग की सैकड़ो महिलाओं ने स्मार्ट खिलाफ मीटर के



खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया था और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। वहीं अब किसान यूनियन की महिलाओं ने भी स्मार्ट मीटर के खिलाफ जंग छेड़ दी है जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में करीब आधा सैकड़ा महिलाएं नारेबाजी करते हुए पहुंची और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों को लूटा और ठगा जा रहा है। अधिकारी खुद तो ऐसी में आराम फरमाते हैं और दूसरी तरफ गरीबों के घर में रात में 12 बजे घुसकर कूलर पंखा बंद करने की धमकी देते हैं। स्मार्ट मीटर का बिल भरने में लोग असमर्थ हैं विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिसे खत्म करना है और पुराने मीटर का चलन एक बार फिर चालू करना है इसके लिए जो भी लड़ाई लड़नी पड़ी तो लड़ी जाएगी।

# गेहूं खरीद में अव्यवस्थाओं पर जदयू सख्त

## - किसानों के हक में डीएम को सौंपा चेतावनी भरा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बुंदेलखंड के किसानों की बदहाल स्थिति पर कड़ा रुख अपनाया और खरीद केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। ज्ञापन में साफ कहा गया कि गेहूं खरीद केंद्रों पर फैली लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते किसान मजबूरी में अपनी उपज औने–पौने दामों पर बेचने को विवश हैं, जबकि सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। जदयू नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्रों पर बोरियों की भारी कमी, कई–कई दिनों तक इंतजार और नमी व छलनी के नाम पर खुली लूट की जा रही है, जिससे छोटे और गरीब किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का किसान पहले ही सूखा, आवारा पशु और बढ़ती लागत की मार झेल रहा है, ऐसे में सरकारी व्यवस्था की यह लापरवाही उसके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। ज्ञापन में यह भी उठाया गया कि खरीद केंद्रों पर छाया और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे किसानों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जदयू ने मांग की कि सभी केंद्रों पर बोरियों की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, अवैध कटौती करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो, टोकन धारक किसानों की फसल 48 घंटे के भीतर खरीदी जाए और सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं तुरंत दुरुस्त की जाएं। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि 7 दिनों के भीतर व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान शालिनी सिंह पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष जेडीयू एवं बुंदेलखंड प्रभारी), जिलाध्यक्ष जेडीयू उमाकांत सविता, प्रदेश कार्यकारी सदस्य रविंद्र नाथ गुप्ता पिंकी प्रजापति जेडीयू जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, नगर विकास अध्यक्ष जेडीयू काशी प्रसाद याज्ञिक, बिहारी लाल अनुरागी (जिलाध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ), रामभवन पटेल (जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ जेडीयू), भरत लाल कुशवाहा (जिला उपाध्यक्ष जेडीयू दिव्यांग प्रकोष्ठ) सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# मरौली बालू खदान खण्ड संख्या चार व पांच में चल रहा अवैध खनन व परिवहन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सदर तहसील अंतर्गत मरौली में संचालित बालू खदान खण्ड संख्या चार व पांच के संचालको द्वारा एनजीटी के नियमों को दरकिनार कर दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में भी भारी भरकम दैत्याकार मशीनों से नदी की बहती जलधारा में धड़ल्ले से अवैध खनन व परिवहन किया जा रहा है। अवैध खनन से जीवनदायिनी केन नदी का अस्तित्व खतरें में है। इसके साथ साथ जलीय जीवों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। मरौली बालू खदान खण्ड संख्या चार व पांच के बालू कारोबारियों की मैनेजमेंट पावर लगातार अपना काम कर रही है जिसके चलते इन खदानों में कार्यवाही नहीं हो रही। मटौंधा थाना क्षेत्र के मरौली गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि खंड संख्या चार व पांच के संचालकों के बंदूकधारी गुर्गो द्वारा बिना रवन्ना के एनआर ओवरलोड ट्रक खदानों से ही निकालकर सरकार के राजस्व को चपत लगाया जा रहा है। कई ग्रामीणों द्वारा शिकायत की पर बालू कारोबारियों के रसूख के आगे कोई सुनवाई नहीं हुई। मरौली बालू खदान खण्ड संख्या चार व पांच से रात दिन सरपट दौडते ओवरलोड ट्रकों के झुंड से उड़ते धूल के गुब्बार से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। सूत्रों का दावा है कि खंड संख्या पांच में



संचालकों के असलहा धारी गुर्गे थाने से लेकर आला अधिकारियों की लोकेशन रखकर बिना प्रपत्र ओवरलोड बालू भरे ट्रक निकाल कर सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे है और अपनी तिजोरियां भर रहें हैं। अवैध खनन मिलने पर कई बार जुर्माना लगाया गया है पर कनपुरिया संचालक के रसूख के चलते खदान ब्लैकलिस्टेड न हो सकी।

# मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## - जेवरात सहित नकदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में




जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में 27 अप्रैल को देर शाम थाना गिरवां पुलिस द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण व नकद रुपए चोरी करने वाले दो अभियुक्तो को गिरतार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्र के मुरवा के रहने वाले देवीदीन पुत्र बहादुर द्वारा 21 अप्रैल को थाना गिरवां पर सूचना दी गई कि रात्रि में घर का ताला तोड़कर आभूषण व नकद रुपए चोरी हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी। सूचना पर थाना गिरवां में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की गिरतारी के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा 27 अप्रैल को देर शाम मुखबिर की सूचना पर सदल पुरवा तिराहे के पास से गिरतार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण व नकद रुपए बरामद हुए है। पकड़े गए अभियुक्त अजय पुत्र पहलवान विश्वकर्मा निवासी मुरवां थाना गिरवां व शंकर पुत्र पहलवान विश्वकर्मा निवासी मुरवां थाना गिरवां के विरुद्ध मु0अ0सं0–131/26 धारा 331(4), 305, 317(2) बीएनएस थाना गिरवां में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुरेश कुमार सैनी प्र0नि0 थाना गिरवां उ0नि0 बुद्धीसागर उ0नि0 मणिशंकर मिश्रा कां0 संदीप कुमार शामिल रहे।

# ह्वीट वेब के चलते डीएम ने एनजीओ व समाजसेवियों के साथ की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में बढते ताप के चलते ह्वीट वेब से बचाव हेतु जिलाधिकारी ने जनपद के समाजसेवियों, एनजीओ से बैठक कर ह्वीट वेब के प्रति तैयार रहने के लिए कहा। बांदा



का ताप भारत ही नहीं बैश्विक तपन के शिखर में प्रतिस्थापित हो रहा जिसके चलते जिलाधिकारी अमित आसेरी, जिला प्रशासन जनपद में किसी भी प्रकार के प्रभावों से जनपद में प्रकार की क्षति जनहानि, पशु हानि, जीव, पशुओं की क्षति को रोकने हेतु पूर्णतया समर्पित है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी ने समाज सेवियों एव एनजीओ से बैठक की। सभी से अपील किया कि सभी लोग युद्धस्तर पर लगकर जनपदवासियों एवं जीवों पशुओं के संरक्षण में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। आज की मीटिंग में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ,कुमार धर्मेन्द्र डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खान की उपस्थिति में समाजसेवियों संरक्षक रोटी बैंक समिति एवं सेवर्स ऑफ लाइफ शेख शादी जमा, महासचिव सेवर्स ऑफ लाइफ एवं संगठन मंत्री रोटी बैंक सुनील सक्सेना रोटी बैंक, सलमान खान अध्यक्ष सेवर्स ऑफ लाइफ, अध्यक्ष रोटी बैंक रिजवान अली, तिरंगा समिति से शोभाराम कश्यपजी, इं अरूणेश सिंह सहित दर्जनों समाजसेवी उपस्थिति रहे।

## एएसपी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की मीटिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं, पारिवारिक पेंशन, लंबित प्रकरणों एवं अन्य व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं




को गम्भीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित शाखाओं, अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए तथा पेंशनर्स को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही पेंशनर्स की सराहना करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा अपने सेवाकाल में पुलिस विभाग के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ किए गए कार्य किए गए है इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान करना विभाग का नैतिक एवं प्रशासनिक दायित्व है। पेंशनर्स के सम्मान, सुविधा एवं कल्याण के लिए पुलिस प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स से अपील कि वे सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, आज भी कानून–व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान कि आवश्यकता है।

## एसपी ने साप्ताहिक मंगलवार परेड की ली सलामी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का विस्तृत निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान नवप्रशिक्षित पुरुष एवं महिला आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत वेशभूषा, टर्नआउट, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं एकरूपता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यक



सुधार संबंधी निर्देश दिए गए। परेड उपरांत क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर गार्ड रूम एवं स्टोर रूम का गहन निरीक्षण किया गया तत्पश्चात अर्दली रूम आयोजित कर पुलिस लाइन से संबंधित विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों का परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यतन, नियमों के अनुरूप संधारण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संपूर्ण निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक वेलास यादव सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल इंटर के बच्चों ने किया विद्यालय का नाम रोशन

## - समाजसेवी ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। कृष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज शुकुल बाजार के हाईस्कूल इंटरमीडिएट के बच्चों ने लहराया परचम। हाईस्कूल इंटर के बच्चों ने किया विद्यालय का नाम रोशन। समाजसेवी ने किया सम्मानित। .ष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज शुकुल बाजार के हाई स्कूल मे देवा पुत्र गया प्रसाद 83 प्रतिशत, ज्योति साहू पुत्री जानकी 76 प्रतिशत, प्रिया यादव पुत्री गया प्रसाद 75 प्रतिशत,



इंटरमीडिएट मे स्वाती पुत्री राजेश कुमार 77 प्रतिशत, माधुरी पुत्री अगंनू 76 प्रतिशत, नीरज पुत्र रमेश 76 प्रतिशत अंक लाकर बच्चों ने लहराया परचम वहीं क्षेत्र के समाजसेवी व वरिष्ट पीके तिवारी द्वारा बच्चों को फोटो प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। पीके तिवारी ने कहा कि बच्चों का सम्मान करने से उनकी प्रतिभा और निखरती है और उत्तसाह बढता है। वही प्रधानाचार्य अंजनी कुमार ने पीके तिवारी समाजसेवी का ध न्यवाद देते हुए कहा कि आप हमारे विद्यालय से हमेशा जुड़े रहते हैं और समाज की सेवा करते रहते हैं। आपका कार्य सराहनीय है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंजनी कुमार अध्यापक राकेश मिश्रा निर्मल दूबे अनूप तिवारी पंकज यादव कुलदीप कुमार सहित मौजूद रहे।

# तेजी से आगे बढ़ेगी युवा उद्यमिता, डीएम का सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी कविता मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के बैंक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा उद्यमी योजना) की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने योजना को गति देने पर जोर देते हुए कहा कि यह सरकार की



महत्वाकांक्षी योजना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और स्वरोजगार की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित सभी बैंक प्रबंध ाकों को सख्त निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों की जांच कर पात्र युवाओं को शीघ्र ऋण स्वी.त कराया जाए। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवक–युवतियां इस योजना के माध्यम से अपना उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बैंकों को इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम कविता मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण, 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान और बिना गारंटी के वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनपद को दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। पात्र आवेदनों को प्राथमिकता पर निस्तारित कर युवाओं को तुरंत लाभ पहुंचाया जाए ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। बैठक के दौरान डीएम ने बैंकों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी और लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं का भविष्य और उनकी उद्यमशीलता सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए बैंकर्स को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में जनपद के सभी प्रमुख बैंकों के प्रबंधक, संबंधित जिला अधिकारी और अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस बैठक से हापुड़ में युवा उद्यमिता को नई गति मिलने की उम्मीद जगी है।

# छत से गिरकर मासूम घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौकिया में मंगलवार की सुबह छत से गिरकर चार वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार लौकिया गांव निवासी कामता प्रसाद का पुत्र अंशू छत पर खेल रहा था। तभी अचानक गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया।




# रक्तदान कर शहीद क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

## - रेडक्रास के सहयोग से अधीक्षण अभियंता कार्यालय में लगा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिले के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ठाकुर जोधा सिंह अटैया सहित उनके 51 जाबांज क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने व जिला अस्पताल में रक्त की कमी के कारण मंगलवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता कार्यालय विद्युत वितरण मंडल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा उपस्थित रहें। शिविर का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता द्वारा फीता काटकर किया गया। कुल सात रक्तदान हुए। पंद्रह लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। रक्तदानियों में अधिशासी अभियंता रत्नेश जायसवाल, लेखाकार चंद्रेश रायजादा, लेखाधिकारी संतोष कुमार वर्मा, सुमन देवी, रामसिरोमन, सुभाष चंद्र गौतम जेई, राघवेंद्र कुमार अवर अभियंता ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को मुख्य अतिथि व रेडक्रास चेयरमैन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ अनुराग द्वारा सभी रक्तदानियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस परिवार से सलाहकार संजय कुमार श्रीवास्तव, आजीवन सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव व जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ डीके वर्मा, अशोक शुक्ल, बृज किशोर, नरेंद्र सिंह, राजू कैथवास, अखिलेश उपस्थित रहे।

# नारी शक्तिका अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

## - भाजपा महिला मोर्चा का विपक्ष पर हमला, निकाली जन आक्रोश यात्रा एवं फूंका पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता, फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने मंगलवार को नगर पंचायत धाता में महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस, सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई और उस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए दीपनारायण तिराहा तक निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष की असहमति से महिलाओं के अधिकारों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के उद्देश्य से बिल में संशोधन का प्रस्ताव रखा था लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह बिल पारित नहीं हो सका। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए और नारी शक्ति मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए 33 फीसदी महिला आरक्षण बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। प्रदर्शन रैली में महिला मोर्चा की कार्यक्रम




संयोजक योगमाया बाजपेई, मंडल अध्यक्ष कलावती देवी, सुनैना, गुड़िया देवी, सुशीला, दिव्या, उमा, जग्गी व अन्य बहनें व मण्डल उपाध्यक्ष हिमांशू त्रिपाठी, सभासद रजनीश त्रिपाठी, भाजयुमो जिला कार्य समिति सदस्य उत्कर्ष जायसवाल, अवधेश पासवान, गुलाब सोनकर, अन्नू मिश्रा, गुलाब सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बावनी इमली स्मारक पर गूंजे अमर शहीदों के जयकारे

## - जोधा सिंह अटैया समेत 51 क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रणबांकुरे अमर शहीद जोधा सिंह अटैया



एवं उनके 51 साथी क्रांतिकारियों की शहादत दिवस पर खजुहा के पारादान स्थित बावनी इमली स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहीद स्मारक पहुंचकर बलिदानियों की गाथा के मूक गवाह इमली के पेड़ पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान पूरा स्थल भारत माता की जय और अमर शहीदों की जय के नारों से गूंज उठा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ज्ञानेंद्र, श्री बालाजी सेवा न्यास के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना, पूर्वीन माता सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ सिंह परिहार, युवा विकास समिति के जिला प्रमुख आलोक गौड़ समेत अरुण, अजमेर सिंह, प्रधान .ष्णचंद्र, शिवशंकर सिंह रिंकू, अमित पटेल, सुनील कुमार, राहुल यादव, मनोज सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से क्रांतिकारियों की अमर गाथा को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आरएसएस के ज्ञानेंद्र ने कहा कि बावनी इमली स्मारक 28 अप्रैल 1858 की उस रोंगटे खड़े कर देने वाली ऐतिहासिक घटना का गवाह है, जब ब्रिटिश हुकूमत ने 52 स्वतंत्रता सेनानियों को एक ही इमली के पेड़ पर फांसी दे दी थी। इन वीरों ने भारत माता को गुलामी के दंश से बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र ओमर ने कहा कि इन बलिदानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं समाजसेवी दशरथ सिंह परिहार ने कहा कि यही रणबांकुरे अमर शहीद आजादी के असली नायक हैं। युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि 52 क्रांतिकारियों की शहादत सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

### बच्चो ने निकाली रैली

खजुहा के पुरषोत्तम इंटर कालेज खजुहा एवं रामपाल बिटाना देवी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा शहीद स्मारक पहुचकर रैली निकाल श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को परिसर का भ्रमण करा आजादी की लड़ाई में अमर क्रांतिकारियों की भूमिका की जानकारी दी गई।

# तहसीलों में रिश्वत राज पर भड़की युवा विकास समिति

## - दस साल से जमे लेखपालों को हटाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की तहसीलों में फैले कथित भ्रष्टाचार, बिचौलियों के बढ़ते दखल और वर्षों से एक ही स्थान पर जमे लेखपालों के खिलाफ सोमवार को युवा विकास समिति ने मोर्चा खोल दिया। समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। समिति ने आरोप लगाया कि तहसीलों में आम जनता के छोटे–छोटे काम भी बिना सुविधा शुल्क के नहीं हो रहे हैं। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वरासत, पैमाइश और नामांतरण जैसे जरूरी कार्यों के लिए लोगों को महीनों दौड़ाया जाता है, जबकि बिचौलियों के जरिए पहुंचने वालों की फाइलें आसानी से निस्तारित हो जाती हैं। समिति के पदाधिकारियों का कहना था कि तहसील परिसर अब जनसेवा केंद्र कम और दलालों का अड्डा ज्यादा नजर आने लगे हैं। सरकारी कर्मचारियों से पहले बिचौलियों का सामना होता है, जो खुलेआम काम कराने के नाम पर रकम तय करते हैं। आरोप लगाया गया कि बिना रिश्वत दिए आम फरियादी की सुनवाई तक नहीं होती। युवा विकास समिति ने ज्ञापन में सबसे बड़ा मुद्दा तहसीलों में वर्षों से तैनात लेखपालों का उठाया। समिति का कहना है कि शासन की स्थानांतरण नीति के बावजूद कई लेखपाल करीब एक दशक से एक ही क्षेत्र में जमे हुए हैं। लंबे समय तक एक स्थान पर तैनाती के चलते उनकी स्थानीय प्रभावशाली लोगों और बिचौलियों से सांठगांठ मजबूत हो गई है, जिससे राजस्व संबंधी कामों में पारदर्शिता खत्म होती जा रही है। समिति ने आरोप लगाया कि यही कारण है कि नामांतरण, पैमाइश, वरासत और खतौनी संबंधी कार्यों में मनमानी चरम पर है और आम किसान–ग्रामीण सबसे ज्यादा परेशान हैं। मांग की कि लंबे समय से एक ही जगह जमे लेखपालों का



पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा लागू जनहित गारंटी अधिनियम का तहसीलों में खुला मजाक उड़ाया जा रहा है। निर्धारित समय सीमा में कार्य न होने से फरियादी लगातार चक्कर काट रहे हैं। कई मामलों में महीनों बीत जाने के बाद भी निस्तारण नहीं हो रहा, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समिति ने जिलाधिकारी से तत्काल स्थानांतरण किया जाए, भ्रष्ट कर्मचारियों की जांच कर सख्त कार्रवाई हो तथा तहसील परिसरों से बिचौलियों के नेटवर्क को खत्म किया जाए। यदि 15 दिनों के भीतर प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो जिले की सभी तहसीलों में चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मकान को तोड़कर जबरन दीवार उठाए जाने का आरोप

## – पीड़ित ने डीएम को दिया ज्ञापन, भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के अरबपुर मुहल्ला स्थित बाबा के मकान को तोड़कर जबरन दीवार उठाए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित ने डीएम से भूमाफिया पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में पीड़ित राजेश गुप्ता पुत्र स्व0 अशोक ने बताया कि उसके बाबा का मकान अरबपुर बांदा सागर रोड ज्वालागंज बस स्टाप के पास स्थित है। जो नगर पालिका में उसके पिता स्व0 अशोक कुमार गुप्ता के नाम दर्ज है। 22 मार्च 2025 को सुशील कुमार मिश्रा निवासी ग्राम कौंडरपुर थाना थरियांव ने कई साथियों के साथ लेबर लगाकर मकान को तुड़वा दिया था। 18 अक्टूबर 2025 को भूमाफिया ने बाबा के मकान के शेष भाग दुकान को जेसीबी मशीन से गिरवा दिया। जिसकी भी आईजीआरएस में शिकायत दर्ज कराई गई। चौबीस अक्टूबर 2025 को जरिए रजिस्ट्री डाक मुख्यमंत्री, डीएम, एसपी, एसडीएम को भी प्रार्थना पत्र भेजा लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे हौसले बुलंद भूमाफिया अब दीवार उठा रहे हैं। पीड़ित ने जिलाधि ाकारी से मांग किया कि भूमाफियाओं को निर्माण करने से रोका जाए और कार्रवाई की जाए।

# ठगी पीड़ितों ने मजदूर दिवस पर डीएम को किया आमंत्रित

## – पीड़ा सुनकर निस्तारण किए जाने की उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में ठगी का शिकार हुए लाखों निवेशकों ने अपनी जमा पूंजी की वापसी की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर नहर कॉलोनी परिसर में एक विशाल सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले भर से हजारों पीड़ितों के शामिल होने की संभावना है।पीड़ित



निवेशकों के संगठन द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए आमंत्रण पत्र में बताया गया कि जनपद में करीब 80 से अधिक कथित ठग कंपनियों ने लगभग 10 लाख लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। इस गंभीर समस्या को लेकर एक सितंबर 2024 से नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना जारी है, जो अब 20 माह पूर्ण करने जा रहा है। संगठन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू अनियमित जमा पाबंदी अधिनियम 2019 का उद्देश्य ऐसे मामलों में निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करना और उनकी धनराशि वापस दिलाना है। बावजूद इसके, पीड़ितों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है, जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त है। मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मदन लाल आजाद तथा राष्ट्रीय संरक्षक सूरजदीन विश्वकर्मा भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान निवेशक एकजुट होकर शासन–प्रशासन से अपनी जमा राशि वापस दिलाने की मांग करेंगे। संगठन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वे 1 मई को दोपहर 12 बजे नहर कॉलोनी परिसर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याएं सुनें और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएं।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की सुबह रेलवे लाइन पार करते समय 55 वर्षीय अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के रारीखुर्द गांव निवासी शिवपाल का पुत्र चन्द्रपाल साइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह हसनापुर के समीप पहुंचे तभी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।



